General Discussion on the Union Budget (2024-25), General Discussion on the Budget of Union Territory of Jammu And Kashmir (2024-25) and Demands for Grants in respect of Union Territory of Jammu and Kashmir, 2024-25

माननीय अध्यक्ष**:** आइटम नंबर 14 से 16 एक साथ लिए जा रहे हैं ।

प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ:

?कि कार्य-सूची के दूसरे स्तंभ में मांग संख्या 1 से 36 के सामने दिखाए गए मांग शीर्षों के संबंध में 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान होने वाले खर्चों का भुगतान करने के निमित्त अथवा के उद्देश्य से, संबंधित धनराशियां, जो कार्य-सूची के तीसरे स्तंभ में दिखायी गयी राजस्व लेखा तथा पूंजी लेखा संबंधी रकमों से अधिक न हों, जम्मू एवं कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र की संचित निधि में से राष्ट्रपति को लेखे पर प्रदान की जाए ।?

<image: image001.gif>

<image: image002.gif>

<image: image003.gif>

माननीय अध्यक्ष**:** कुमारी सैलजा ।

कुमारी सैलजा **(**सिरसा**) :** धन्यवाद अध्यक्ष महोदय, मैं सबसे पहले बधाई देना चाहूंगी बतौर महिला वित्त मंत्री जी, श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को, कि इन्होंने छ: बार बजट पेश किया है । साथ में बतौर कांग्रेस एमपी मुझे इस बात की भी खुशी है कि इन्होंने बहुत बड़ा दिल दिखाया है और हमारा मैनिफेस्टो पढ़ा, जिसे बड़ी मेहनत के साथ हमने तैयार किया । हमने कोई गारंटी इनकी सरकार की तरह, मोदी जी की गारंटी की तरह नहीं कहा, लेकिन हमारे नेता राहुल गांधी जी ने पूरे देश में जा-जाकर, लोगों को गले लगाकर, उनके दुख-तकलीफ समझकर

इस मैनिफेस्टो को सबके साथ मिलकर तैयार किया । इन्होंने हमारा मैनिफेस्टो पढ़ा, अपनी गारंटी को साइड में रखा और हमारे मैनिफेस्टो को लागू किया । मैं इनकी बहुत शुक्रगुजार हूं । अब मैं इस बजट पर क्या बोलूं?, कुर्सी बचाओ बजट बोलें, बजट नहीं, लेकिन विचलित बजट बोलें या फिर एक और जुमला बजट बोलें, क्योंकि बार-बार हमें इसमें जुमले नजर आते हैं । आपने चार लोगों की बात की, लेकिन ये 4 कौन लोग हैं? गरीब, महिलाएं, युवा, हमारा अन्नदाता किसान । लेकिन इनकी गिनती कैसे हो? क्या मालूम पड़े कौन क्या है? क्या मालूम पड़े कि ये योजनाएं किसके लिए बनाएं? क्या मालूम पड़े कि टारगेट ग्रुप कौन है? अगर आप कास्ट सेंसस नहीं करेंगे, अगर आप सेंसस को सार्वजनिक नहीं करेंगे, राहुल जी, हमारे नेता ने मांग की कि कास्ट सेंसस किया जाए, लेकिन यह सरकार चुप्पी साधे हैं । And I wonder, कि इनके सहयोगी नीतीश कुमार जी क्या कहना चाहेंगे कास्ट सेंसस के बारे में? उन्हें तो बहुत कुछ मिला है, लेकिन यह बजट है किसके लिए यह भी तो पता चले? क्या केवल दो राज्यों पर ही मेहरबानी हुई है या पूरे देश पर भी नजर डाली गई है? ऐसा नजर नहीं आता कि दो राज्यों के अलावा कुछ दिखा हो या फिर भाजपा शासित प्रदेशों के अलावा कुछ नजर आता हो ।

सर, मुझे याद आता है कि जब माननीय प्रधान मंत्री मोदी जी, मुख्य मंत्री होते थे और उस समय हमारी सरकार थी और वह एनडीसी की मीटिंग में आते थे । अब एनडीसी नहीं रहा । वह हमेशा को-ऑपरेटिव फेडरेलिज्म की बात कहते थे । अब शायद वह शब्द पूरी शब्दावली से निकल चुका है । कम से कम भाजपा की और सरकार की शब्दावली से निकल चुका है, लेकिन दो राज्यों को भी मैं थोड़ा आगाह करना चाहूंगी । नीतीश जी तो हमारे साथ पहले भी रह चुके हैं । ये 10 वीं लोक सभा में थे । सब समझते हैं । नायडू जी भी बहुत अनुभवी राजनीतिज्ञ हैं । इनकी बातों पर न जाएं । आज बेशक लगता हो कि बहुत-कुछ दिया है, लेकिन नजर फेरते देर नहीं लगती । इसलिए उनको भी मैं आगाह करना चाहूंगी, लेकिन समय बदलते देर नहीं लगेगी । पेश किए गए बजट में इन्होंने गारंटी की बात की, शायद लोगों को विश्वास नहीं हुआ । इसीलिए 303 से लेकर 241 पर आ गए । विश्वास पैदा करना इनका काम है । इन्होंने विश्वास खोया, तभी यह डाउन स्लाइड हुआ । आज के दिन भी जब बातें होती हैं, बजट में हम सुनते हैं तो ऐसा लगता है कि कुछ पर मेहरबान और बाकियों को दरबान बना दिया गया । दरवाजे के बाहर खड़े रहो । अगर मेहरबानी होगी, तो शायद आपको कुछ मिल पाएगा ।

सर, प्राकृतिक आपदा की भी बात होती है । भाजपा शासित प्रदेशों के लिए तो सेंट्रल असिस्टेंस की बात की गई, लेकिन हिमाचल प्रदेश की जब बात हुई तो एक्सटर्नल एजेंसीज की बात आ गई कि उनके माध्यम से मदद की जाएगी । ऐसा भेदभाव क्यों? यह नहीं होना चाहिए । इसकी हम घोर निन्दा करते हैं । आप सबके साथ ऐसा भेदभाव क्यों करते हैं? एक बात और है कि हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड और शायद जम्मू-कश्मीर चुनाव की ओर जा रहे हैं । लेकिन, ऐसा लगता है कि सरकार ने पहले ही हार मान ली है । इन तीनों राज्यों का जिक्र तक नहीं हुआ है । उनको कुछ दिया तक नहीं और दु:ख इस बात का है कि केंद्र में आज तीन-तीन केंद्रीय मंत्री हरियाणा से हैं । इनमें से एक तो मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं, लेकिन हरियाणा को कुछ नहीं मिला । मुझे मालूम नहीं कि इनकी अंदरूनी क्या बातें होती हैं । खैर वह तो सार्वजनिक नहीं हो सकती है । लेकिन, दुर्भाग्य मेरे राज्य हरियाणा का है कि तीन-तीन केंद्रीय मंत्री होने के बाद भी हरियाणा को ये कुछ नहीं दे पाए हैं और नाम तक लेना भी मुनासिब नहीं समझा ।

सर, जहां तक किसान की बात है तो किसान की आय दुगुनी करने की बात कही गई थी । स्वामीनाथन कमेटी रिपोर्ट की बात लागू करने की शुरू में की थी, लेकिन बहुत आसानी से अब स्वामीनाथन कमेटी रिपोर्ट का नाम तक नहीं लिया जाता है । कृषि सेक्टर का बजट आधे के करीब हो गया है । वर्ष 2019-20 में जहां यह 4.97 प्रतिशत था, इस बजट में आपने 2.74 प्रतिशत करके छोड़ दिया है ।

अब हम एमएसपी की बात करते हैं । एमएसपी के बारे में माननीय वित्त मंत्री जी ने कहा कि इस बार बहुत से उपजों को एमएसपी दिया है । लेकिन, क्या आपने स्वामीनाथन कमेटी रिपोर्ट के मुताबिक सी-2 प्लस 50 प्रतिशत का फॉर्मूला अपनाया है? आपने बिल्कुल नहीं अपनाया है, क्योंकि आप उसे भूल चुके हैं । मैं उसे थोड़ा सा याद दिलाना चाहूंगी । यह बढ़ाने के बावजूद, जब हमारी यूपीए सरकार थी, उस समय हमने गेहूँ की एमएसपी 119 प्रतिशत और धान की 134 प्रतिशत बढ़ाई थी । लेकिन, मोदी जी की सरकार ने केवल 47 प्रतिशत गेहूँ की और 50 प्रतिशत धान की बढ़ाई है । इसमें पीठ थपथपाने जैसा कुछ नजर नहीं आता है । आज के दिन इतनी एग्रेरियन क्राइसेज है, खासकर हमारे राज्यों में, लेकिन उसकी ओर कोई ध्यान नहीं है । किसान एक साल से ऊपर बैठा रहा, लेकिन उसकी ओर ध्यान नहीं दिया गया । ऐसे बना देते हैं जैसे कोई दुश्मन हो, किसी दुश्मन देश के साथ बॉर्डर बनाए जाते हों । ऐसी बात नहीं होनी चाहिए ।

ये पूंजीपतियों के मित्र हैं, यह दुनिया जानती है, पूंजीपति खास तौर से जानते हैं । किसान अपने दु:ख को समझते हुए यह जानता है कि केवल और केवल पूंजीपतियों का ध्यान दिया जाएगा ।

सर, हमारी सरकार ने किसानों का 72 हजार करोड़ रुपये का कर्जा माफ किया था । लेकिन, आपने अपने पूंजीपति मित्रों का 16 लाख करोड़ रुपये माफ किया है । आपका किसानों की ओर कोई ध्यान नहीं है । शायद आपको लगता है कि किसानों का कर्जा माफ करेंगे तो वे आलसी हो जाएंगे, वे पैदावार नहीं करेंगे और वे काम नहीं करेंगे । शायद यही शंका है, मैंने कहीं पर पढ़ा है । नाबार्ड के मुताबिक हर किसान औसतन 1.35 लाख रुपये के कर्जे में है । यह नाबार्ड का फिगर है, मेरा नहीं है । साथियों, ऐसी बात नहीं है, फिर से वही बात आ गई, ?मित्रों पर मेहरबानी और किसानों तथा मजदूरों से बेईमानी? ।

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्य, क्या यह नाबार्ड का फिगर है?

कुमारी सैलजा **:** जी सर, यह नाबार्ड का फिगर है । मैं यह इसलिए कह रही हूं, क्योंकि आपने किसानों के साथ समझौता किया, लेकिन आपने वादाखिलाफी की । हर बात में आपने वादाखिलाफी की । कौन-सा साल था? वह वर्ष 2021 था । आज कौन-सा साल आ गया है, कौन-सा समय आ गया है? किसान अपना दु:ख लेकर अभी भी बैठा है । आप किसान को उग्रवादी मत कहिए । आप किसान को उग्र होने पर मजबूर मत कीजिए । आपने किसान और मजदूर को मजबूर और मजदूर दोनों बना दिया है । आपका किसी ओर ध्यान नहीं है ।

इसके ऊपर एक फसल बीमा योजना की बात है । मैं अपने प्रदेश की बात कर सकती हूं । फसल बीमा योजना से, आप किसान से प्रीमियम का पैसा तो ले लेते हैं, लेकिन जब मुआवजा देने की बात आती है तो वह सालों-साल बैठा रहता है । मेरी अपनी कांस्टिट्यूएंसी नरवाना में किसान तीन सालों से मुआवजे के लिए बैठा है । उसकी ओर कोई ध्यान नहीं है । बीमा कंपनियों को 3,40,000 करोड़ रुपये का प्रॉफिट मिला है, लेकिन जब किसान को देने की बात आती है, तो वह दर-दर भटकता रहता है । कोई उसकी ओर ध्यान नहीं देता है ।

माननीय अध्यक्ष महोदय, किसान धरने पर बैठा रहा । 736 किसान शहीद हो गए, इस दुनिया से चले गए, लेकिन उनके बारे में एक भी शब्द नहीं बोला गया और न ही उन्हें कुछ देने की बात की गई । आज भी हरियाणा और पंजाब के किसान शंभू बॉर्डर पर बैठे हुए हैं, वे मजबूर हैं । लोगों को आने-जाने में भी तकलीफ हो रही है, लेकिन आप उस मजबूर किसान की ओर देखना तक नहीं चाहते हैं, जो उस बॉर्डर पर बैठे हैं ।

किसान क्या मांग रहे हैं? आप एमएसपी देने की बात करते हैं, लेकिन बात तो लीगल गारंटी की है । इस वायदे को क्यों नहीं याद करते हैं? जब तक आप किसान को उसकी एमएसपी की लीगल गारंटी नहीं देंगे, तब तक आप

किसान के साथ इंसाफ़ नहीं कर सकते हैं । आप किसानों से पूछ लीजिए । आपने जिस अन्नदाता की बात की है, अगर अन्नदाता कमजोर होगा, तो ये देश कभी भी पनप नहीं सकता है, न ही किसी का विकास और न ही विकसित भारत बनेगा, अगर इस तरह से किसान और मजदूर मजबूर हो जाएंगे ।

हमने अपने मैनिफेस्टो में किसानों को लीगल गारंटी देने की बात कही है । अगर आप हमारे मैनिफेस्टो का ये बिंदु भी पढ़ लेते तो, बहुत अच्छा होता । मजदूरों की दयनीय स्थिति और खास तौर से ग्रामीण मजदूरों की जो स्थिति हो गई है, भारतीय जनता पार्टी और मोदी सरकार के पिछले 10 सालों में मजदूरी वृद्धि हर साल केवल एक प्रतिशत की गई है, उससे भी कम है । अगर मनरेगा की बात करें, मुझे इस बात का दुख हुआ कि पूरे बजट में मनरेगा का एक बार भी नाम नहीं लिया गया । मनरेगा तो वह है, जिसे आप पहले नकारते थे । फिर आपने समझा और उसको अपनाया । बेशक माननीय प्रधानमंत्री जी ने हम पर कटाक्ष करके मनरेगा को अपनाया, लेकिन उसको अपनाया । अगर कोविड-19 के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में कोई सेवियर था, तो वह मनरेगा था । आप आज मनरेगा को भूल गए हैं । मनरेगा के बजट को याद ही नहीं रखते हैं ।

जब आप गरीब और मजदूरों को याद ही नहीं रखेंगे, तो ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे ज्यादा बुरा हाल है । किसान और ग्रामीण-खेतिहर मजदूर का चोली-दामन का साथ है । आपने इन दोनों को भुला दिया है । देश कहां आगे जाएगा? आपने ग्रामीण क्षेत्रों में भी बड़े-बड़े पूंजीपतियों को घुसा दिया है । वहां पर साइलोज लग गए, मंडियों में मजदूरों का बुरा हाल है । आज वे बेरोजगार हो गए हैं । आज उनको 2,000 या 3,000 रुपये महीने के मिलते हैं । मजदूर और दयनीय हो गए हैं । आपको इसका ध्यान रखना चाहिए । प्रतिदिन का न्यूनतम वेतन 400 रुपये होने चाहिए, ये पूरे देश की डिमांड है । हम कहते हैं कि जब हमारा समय आएगा, तब हम 400 रुपये जरूर करेंगे और यह होना चाहिए । सरकार को इस बात को मानना चाहिए, गरीब की बात को मानना चाहिए, मनरेगा की बात को मानना चाहिए । आप न्यूनतम वेतन 400 रुपये करें ।

कृपया आप गरीब को 5 किलो अनाज देकर लाइन में न खड़ा करें । उसे उसका हक दें । उसको ऊपर उठाने की बात करें । आप कहते हैं कि हम 80 करोड़ लोगों को अनाज दे रहे हैं, तो क्या 80 करोड़ लोग लाइन में लगे रहेंगे? क्या वे हमेशा गरीब रहेंगे? अमीर, अमीर होता जाएगा, जीडीपी बढ़ती जाएगी, किसके लिए? केवल आंकड़ों के लिए ।

महोदय, मुझे एक बात याद आ रही है । सुषमा स्वराज जी बहुत ही सम्मानित नेता थीं । हम सभी उनको मानते थे । वह भाजपा की वरिष्ठतम नेताओं में से एक थीं । मुझे याद है कि जब एक बार बजट पेश किया जा रहा था, तब प्रणव मुखर्जी साहब वित्त मंत्री थे । उन्होंने कहा था कि दादा, आंकड़ों से पेट नहीं भरता है । मैं सत्ता पक्ष को यह याद दिलाना चाहूंगी कि आंकड़ों से पेट नहीं भरेगा, गरीब और युवा को रोजगार चाहिए, गरीब को वेतन चाहिए । आप गरीब को केवल 5 किलो अनाज देकर आखिरी पंक्ति में खड़ा मत करिए । आप महंगाई पर नियंत्रण लाइए । आप महंगाई पर नियंत्रण क्यों नहीं कर पा रहे हैं? जो ऑयल कंपनीज़ हैं, उनका मुनाफा बढ़ता जा रहा है, लेकिन क्या आप आम उपभोक्ता को कोई राहत देते हैं? क्या किसानों तक कोई राहत पहुंचती है? क्या गरीब तक कोई राहत पहुंचती है?

आज इन्फ्लेशन कितना बढ़ता जा रहा है? फूड इन्फ्लेशन के बारे में माननीय वित्त मंत्री जी ने पासिंग में कहा था कि हम इसका इंतजाम करेंगे, लेकिन कैसे इंतजाम करेंगे? दाल, सब्जियां, सब चीजें इतनी महंगी होती चली जा रही है तो क्या केवल अनाज रहेगा? क्या गरीब आदमी सब्जी न खाए, प्याज न खाए, आलू न खाए, कोई सब्जी न खाए? ये सब्जियां उस तक नहीं पहुंचती हैं । अगर ये चीजें पहुंचती भी है तो महंगी मिलती हैं । ? (व्यवधान)

यह तो अपने-अपने खाने का अलग टेस्ट है, वह कोई बात नहीं है, लेकिन गरीब आदमी तो प्याज और आलू खाता है, उसको कुछ और नहीं मिलता है । आपको आटे और दाल का भाव पता होना चाहिए ।

महोदय, आपने एलपीजी के द्वारा आंसू पोंछने की बात कही थी, लेकिन आज आपको महिलाओं और बहनों के आंसू नजर नहीं आते हैं । हम शिक्षा की बात करें तो शिक्षा का स्तर इस कदर गिरता चला जा रहा है कि मेरे अपने राज्य में प्राइमरी स्कूल सैकड़ों की संख्या में बंद होते चले जा रहे हैं, लेकिन सरकार का उनकी ओर कोई ध्यान नहीं है । सरकारी स्कूलों में गरीबों के बच्चे पढ़ते हैं, अमीरों के नहीं पढ़ते हैं । हमारे मां-बाप सरकारी स्कूलों में पढ़कर ऊपर आए थे और उन्हीं के कारण आज हम यहां पर खड़े हैं । अगर आप सरकारी स्कूल इस तरह से बंद करते रहेंगे तो बच्चों के भविष्य का क्या होगा?

यहां पर नीट की बात कही गई । हमारे नेता राहुल गांधी जी ने इस बात को उठाया । उन्होंने जो कहा था, उसकी जिम्मेदारी कोई क्यों नहीं लेता है? आपको जिम्मेदारी तो लेनी पड़ेगी, क्योंकि आप सरकार में है । अगर आप जिम्मेदारी नहीं लेंगे तो देश आपको दिखा देगा, हमारा युवा आपको दिखा देगा । बेरोजगारी की दर दिन-प्रतिदिन बढ़ती चली जा रही है । आईएलओ के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2022 में यूथ की अनएंप्लॉयमेंट हमारे यहां 23 प्रतिशत थी, चीन में 13 प्रतिशत, पाकिस्तान में 11 प्रतिशत थी । सीरिया, जो कि कॉन्फ्लिक्ट जोन है, वहां पर 22 प्रतिशत है तो हमारे यूथ की यह बदहाली क्यों हो रही है?

महोदय, आप स्किलिंग की बात करते हैं । क्या आपने पहले प्राइवेट सेक्टर से बात की? क्या वह आपकी बात और आपकी स्कीम मानेगा, जिसको आपने इतने विस्तार से अखबारों, मीडिया में दिखाया? मीडिया आप कंट्रोल करते हैं । उसे मीडिया में इस कदर दिखाया गया है, लेकिन क्या आपने उन कंपनियों से बात की है? इस बात की क्या गारंटी है कि वह एक बार आपकी स्कीम का फायदा उठाकर इन बच्चों की दो-तीन महीनो में छुट्टी नहीं करेंगे, जिनको रोजगार मिल रहा है? ऐसे कैसे बात बनेगी? अगर आप हमारा मेनिफेस्टो पढ़ते तो पहली नौकरी पक्की का वायदा हमारे राहुल जी ने किया था । आप उसको सुन लेते । केंद्र में 10 लाख वैकेंसीज़ खाली हैं, हरियाणा में दो लाख वैकेंसीज़ खाली हैं, उनको भरने की बात क्यों नहीं की जाती है? इसके अलावा एससी, बीसी का बैकलॉग है । आप उसकी ओर बिल्कुल ध्यान नहीं दे रहे हैं । आप बैकलॉग को भी भरिए । प्राइवेट सेक्टर इतना ज्यादा आएगा तो क्या आपने वहां पर आरक्षण दिया है? हमारे लोग कहां जाएंगे? रेलवे और डिफेंस में रोजगार नहीं मिल रहा है, क्योंकि आपने सारी नौकरियां बंद कर दी है? हमारा युवा कहां जाएगा और स्किल इंडिया का क्या हुआ? आज के दिन बेरोजगारी इस कदर आपके सामने मुंह बाए खड़ी है, मगर आपको नजर नहीं आता है । अगर आपको नजर नहीं आता है तो आने वाले राज्यों के चुनाव में नजर आ जाएगा । वैसे, अभी जो उप चुनाव हुए थे, उनमें भी आपको नजर आ गया होगा ।

साथियो, जब बेरोजगारी इतनी बढ़ती है तो गलत आदतें भी बढ़ जाती हैं । मेरे अपने राज्य में सिरसा, हिसार, अम्बाला और पूरे हरियाणा में नशा बढ़ता चला जा रहा है । हरियाणा कहां था? हमारे यहां बोलते हैं कि ?देशां में देश हरियाणा, जित दूध दही का खाना?, लेकिन आज के दिन हरियाणा ऐसा देश हो गया है, जो अपराध और नशे का ठिकाना बन गया है ।

मैं एक-दो बिंदुओं पर नजर और डालूंगी । अग्निवीर की बात है । अग्निवीर के खोखलेपन का पर्दाफाश राहुल गांधी जी ने इस सदन में किया है । सरकार कितने ही टॉल क्लेम्स करे, लेकिन जब आप जमीन पर जाएंगे तो आपको असलियत पता चल जाएगी । आपने दो कैटेगरीज़ बना दी हैं । एक अफसर और जो साधारण जवान है, वह शहीद हो जाएगा तो उसके परिवार को पेंशन मिलेगी । जो गरीब का बेटा है, वह गरीब का बेटा केवल

अग्निवीर कहलाएगा, उसे केवल नाम मिलेगा । उसको और क्या मिलेगा? वह कैसे जाएगा? आप सेना के साथ भी नाइंसाफी कर रहे हैं, हमारे युवा के साथ भी नाइंसाफी कर रहे हैं और हमारे जवान के साथ भी आप नाइंसाफी कर रहे हैं ।

14.00 hrs

सर, हरियाणा की आबादी देश की लगभग दो प्रतिशत है, लेकिन सेना में हमारा हिस्सा दस प्रतिशत के करीब है । आज के दिन आपने हमारे युवाओं के लिए क्या इंसेंटिव छोड़ दिया है? कुछ नहीं छोड़ा है । यह योजना पूरी तरह से युवा विरोधी है, जवान विरोधी है और सेना विरोधी है । हम डिमांड करते हैं कि आप अग्निवीर योजना को इमिडिएटली खत्म कीजिए और ?जय जवान, जय किसान? के नारे को फिर से बुलंद कीजिए । किसान को भी खुशहाल कीजिए, जवान को भी खुशहाल कीजिए ।

सर, एससी-बीसी की बात मैंने कही । न बैकलॉग खत्म किया जा रहा है और न ही नई नौकरियां मिल रही हैं । प्राइवेट सेक्टर में भी इनके लिए कुछ नहीं है । इनकी प्री-मेट्रिक और पोस्ट-मेट्रिक स्कॉलरशिप के साथ नाइंसाफी की जाती है, समय पर बच्चों को नहीं दी जाती है । हरियाणा में मेडिकल दस हजार के करीब स्टूडेंट्स थे । उनको तीन-चार साल से स्कॉलरशिप नहीं दी गयी । जब चुनाव आया, तब आपने रिलीज़ की । इसमें भी गरीबों के साथ राजनीति! क्या आप हमारे एसी-बीसी के साथ भी राजनीति करेंगे? क्या पैसे की इतनी किल्लत है कि आप गरीब से गरीब को उसकी स्कॉलरशिप नहीं देना चाहते? डॉ. अंबेडकर स्कॉलरशिप से ही आगे पढ़ पाए थे । डॉ. अंबेडकर इकोनॉमिस्ट थे । लेकिन अगर आप बच्चों को मौका ही नहीं देंगे तो वे कहां से आगे निकलेंगे?

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्या, यह संसद है, हरियाणा विधान सभा नहीं है । इसका जवाब माननीय मंत्री जी कैसे देंगी?

कुमारी सैलजा **:** सर, यह बजट है । इसमें हरियाणा राज्य की अनदेखी हुई है । ? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** यह बजट तो है, लेकिन राज्य के विषय पर माननीय मंत्री जी कैसे जवाब दे सकती हैं?

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** सही बात कहनी चाहिए ।

? (व्यवधान)

कुमारी सैलजा **:** सर, आप अध्यक्ष हैं, लेकिन आप राजस्थान से हैं और आप राजस्थान से प्यार करते हैं । ? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** मैं राजस्थान विधान सभा में बोलूंगा ।

कुमारी सैलजा **:** आपने स्पेशल कंपोनेंट प्लान खत्म कर दिया । सब प्लान बंद कर दिए और सारे फण्ड्स डायवर्ट किए जाते हैं । एकाध दिन पहले हिन्दुस्तान टाइम्स में रिपोर्ट थी कि मध्य प्रदेश में फण्ड्स डायवर्ट कर दिए गए । किस चीज के लिए गए- गऊशालाओं के लिए । गऊशाला और एससी-एसटी का क्या लेना देना है? लेकिन एससी-एसटी के फण्ड्स आप गऊशालाओं में दे रहे हो । यह डायवर्जन हो रहा है और सरेआम हो रहा है । क्यों आप गरीबों के बजट पर, एससी-एसटी के बजट पर डाका डाल रहे हैं?

सर, जहां तक हेल्थ की बात है तो हेल्थ पर एक्सपेंडिचर गिरता चला जा रहा है । पिछले दो साल में बजट एस्टिमेट्स और बजट एक्सपेंडिचर में दो प्रतिशत का फर्क आ गया है । आगे यह और गिरता चला जाएगा । हेल्थ सेक्टर में आपकी कमिटमेंट कोविड के टाइम तो दिखी थी, लेकिन उसके बाद भूल गए ।

सर, यह बुरा मनाने की बात नहीं है, क्योंकि अपना राज्य तो अपना ही होता है, इसलिए मुझे बोलने दीजिए । हरियाणा के कुरुक्षेत्र में माननीय प्रधान मंत्री जी ने आयुष यूनिवर्सिटी का फाउंडेशन स्टोन रखा था । लेकिन आज तक एक पत्थर नहीं लगा है । माननीय वित्त मंत्री जी पता करें । सिरसा में मेडिकल कॉलेज का नींव पत्थर महामहिम राष्ट्रपति महोदया ने रखा था, लेकिन वहां अभी तक टेंडर तक नहीं हुआ है ।

आपने बच्चों के बारे में एक शब्द नहीं कहा है । कुपोषण सबसे ज्यादा हमारे यहां है । ग्लोबल हंगर इंडेक्स, 2023 के मुताबिक 125 देशों में इंडिया की दर 111 है । पिछले साल 107 थी, इस साल 111 पर हम आ गए हैं । भुखमरी, कुपोषण और बच्चों के लिए आप क्या कर रहे हैं? महिलाओं की जहां तक बात है तो हमारी बात सुन लेते, राहुल जी ने प्रोमिस किया था कि हर गरीब परिवार में हम एक महिला को एक लाख रुपये देंगे । अगर आप यह दे देते तो महिलाओं का अपने आप उद्धार हो जाता । आप हमारी बात मान लें । इसमें कोई शर्म की बात नहीं है कि आपके पास आइडियाज़ नहीं हैं, हमारे पास हैं । आप हमारे आइडियाज़ ले लें, सुझाव ले लें तो देश का भला हो जाएगा ।

हमारे पूर्व मुख्यमंत्री अब यहां मंत्री हैं । उनके पास बहुत बढ़िया मंत्रालय है । आपको नाम बदलने का बड़ा शौक है । जेएनयूआरएम, राजीव आवास योजना के नाम से आपको थोड़ी दिक्कत है, शायद नफरत है तो आपने नाम बदलकर स्मार्ट सिटी रख दिया । फरीदाबाद दिल्ली से दो कदम दूर है । It is an overgrown urban slum. वह कहां से स्मार्ट सिटी है? हर जगह कचरे के ढेर हैं । मिलेनियम सिटी गुरूग्राम से मंत्री और एमपी का दो दिन पहले इंटरव्यू छपा था कि वहां कचरा प्रबंधन की क्या बदहाली है? आप उनकी बात ही सुन लें । वहां पर क्या हो रहा है? मैं उम्मीद करती हूँ कि यहां पर जो माननीय पूर्व मुख्य मंत्री हैं, वे अपनी कुलीग की बात सुनेंगे । दूसरे, फरीदाबाद के एक और केन्द्रीय मंत्री हैं, उनकी बात सुनेंगे । आप इन शहरों का थोड़ा कल्याण कीजिए । मैं जानती हूँ कि आप हरियाणा की तरफ से हताश हो चुके हैं, लेकिन हरियाणा की जनता के लिए आपको 10 सालों का मौका मिला तो आप कुछ तो कर दीजिए । हरियाणा के लिए कुछ तो कर दीजिए ।

स्वच्छ भारत का कहीं पर जिक्र ही नहीं है । शायद आप भूल गए हैं । वह ऐनक भी फेड हो गई, जो आपने गांधी जी की ले ली थी और हर दीवार पर चिपका दी थी । वह ऐनक भी अब नजर नहीं आ रही है । पता नहीं क्या हुआ, शायद उस कचरे में ही आपने उसको भी लिप्त कर दिया है ।

सर, यहां पर अभी माननीय रेलवे मंत्री जी थे । चलिए, रेलवे की बात मेरे कुलीग्स कर लेंगे । मैं सिर्फ एक-दो मिनट लेकर अपना भाषण खत्म करूंगी । हरियाणा में रेलवेज़ का भी जो हाल है, उसे मेरे कुलीग डिटेल में बता देंगे, लेकिन मैं एक-दो बातें जरूर कहूंगी कि उस समय जो मुख्य मंत्री थे, उन्होंने गुडगांव-फरीदाबाद के लिए जनवरी, 2016 में कहा था और ट्विट किया था, लेकिन आज तक उसका कुछ नहीं हुआ । बल्लभगढ मेट्रो सैंक्शन हुई थी, लेकिन आज तक उसके बारे में कुछ पता नहीं है । उसके लिए न कोई प्रावधान किया गया, न ही एनसीआर का ध्यान रखा गया और न हमारे राज्य का ध्यान रखा गया ।

सर, इंटरनेशनल एयरपोर्ट वर्ष 2019 में प्रॉमिस हुआ था । हिसार में वर्ष 2021 तक इंटरनेशनल एयरपोर्ट को कंप्लीट हो जाना चाहिए था, लेकिन उसका कोई जिक्र नहीं है, न ही उसके बारे में कुछ मालूम है । इसके अलावा मैं न्युक्लियर प्लांट, गोरखपुर के बारे में बताना चाहूंगी । हिसार के पास गोरखपुर है । आपने एनर्जी के बारे में

काफी कुछ कहा है । हमें काफी खुशी है, लेकिन उसका क्या हुआ? आप उसका भी थोड़ा जिक्र कर दें कि वह किस स्टेज पर है, कब शुरू होगा? हम उसे कब देखेंगे और हमें वहां से बिजली कब मिलेगी? अगर माननीय वित्त मंत्री महोदया उस न्युक्लियर प्लांट के बारे में भी बता दें तो उसके बारे में हमें पता चलेगा ।

सर, आज के दिन कुछ और बचा नहीं है । यूथ ने आपको पनिश कर दिया, महिलाओं ने आपको पनिश कर दिया । आपने हमारे किसानों की इंसल्ट की । उन्होंने भी आपको पनिश कर दिया । अग्निवीर ने आपको पनिश कर दिया । यह बहुत दुख की बात है कि आप फिर भी नहीं सुन रहे हैं । अगर माननीय प्रधान मंत्री जी इंटरवीन करें तो हम देश के लिए केवल यह चाहते हैं कि आप देश को बताइए कि देश आपको जो दिशा दिखा रहा है, क्या आप उससे कोई सीख ले रहे हैं? आप उससे कुछ सीख लें । आप अग्निवीर को स्क्रैप कीजिए । एमएसपी को लीगल गारंटी दीजिए और फार्म लेबर के लिए, हर लेबर के लिए 400 रुपये प्रतिदिन कर दीजिए, वरना आपका वही हाल होगा, जो बाकी देश ने आपको दिखाया है ।? (व्यवधान)

यह स्लोगन की सरकार है इसलिए आपका आखिरी स्लोगन यह है कि ?कुर्सी को बचाओ, मित्रों पर लुटाओ ।?

श्री बिप्लब कुमार देब (त्रिपुरा पश्चिम) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं नॉर्थ ईस्ट के एक छोटे राज्य से सांसद के नाते चुनकर आया हूँ । वहां के सिर्फ दो ही एमपी हैं । सिक्किम के बाद वह सबसे छोटा राज्य है । आज मुझे इस बजट के ऊपर बोलने का मौका दिया गया, इसलिए मैं हमारे दल के सबसे बड़े नेता, देश के यशस्वी प्रधान मंत्री आदरणीय नरेन्द्र भाई मोदी जी का आभार प्रकट करता हूँ । साथ ही साथ निर्मला सीतारमण जी ने जिस तरह से इस बजट को प्रस्तुत किया है, उसकी मैं सराहना करता हूँ और उसके समर्थन में खड़ा हुआ हूँ ।

माननीय अध्यक्ष महोदय, सैलजा जी बोल रही थीं, तो मैं सुन रहा था । नरेन्द्र भाई मोदी जी ने वर्ष 2014 से प्रधान मंत्री के रूप में काम शुरू किया है । उस समय 10 साल की यूपीए गवर्नमेंट जो आर्थिक स्थिति छोड़ कर गई थी, तो यह अनुमान किया जा रहा था कि भारत फ्रेजाइल पांच देशों में चला जाएगा । माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में एक पारदर्शी आर्थिक व्यवस्था लागू की गई है । आर्थिक विषमता और कोरोना काल के बावजूद भी, आज के आर्थिक सर्वे में अनुमान लगाया गया है कि जीडीपी 6.5 प्रतिशत से 7 प्रतिशत तक रहेगी । यह बजट एक फोक्स्ड बजट है । ?(व्यवधान) लगभग 48 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया गया है । इसमें वर्ष 2023-24 से लगभग 18.2 प्रतिशत कैपिटल एक्सपेंडिचर ज्यादा है । जब कैपिटल एक्सपेंडिचर बढ़ाया जाता है, तो इसका मतलब है कि इंफ्रास्ट्रक्चर और जॉब ऑपर्चुनिटी बढ़ती है । इसके साथ-साथ फेडरलिज्म, स्टेट के बारे में बताया जाता है । मैं निर्मला सीतारमण जी को धन्यवाद देता हूं कि इन्होंने ऐसा बजट पेश किया है जिसमें 4 लाख, 82 हजार करोड़ रुपए, इस बजट से सभी राज्यों का शेयर ज्यादा जाएगा । इस लिए सैलजा जी दो राज्यों के बारे में बात कर रही थी । यह हो सकता है कि कांग्रेस के खाते में बिहार और आंध्र प्रदेश नहीं है । हमारे खाते में ये दोनों राज्य हैं और बाकी अन्य सभी राज्य भी हैं ।?(व्यवधान) इसलिए इस बजट के माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी ने सर्वांगीण विकास की तरफ रुख किया है । वर्ष 2013-14 में बजट 16 लाख करोड़ रुपए के आस-पास होता था, जो कांग्रेस का लास्ट बजट था, आज वह 48 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचा हुआ है ।?(व्यवधान) इन पांच सालों में 4.1 करोड़ युवाओं को रोजगार कौशल योजना से अर्निंग के अवसर मुहैया कराए जाएंगे । अभी रोजगार के बारे में बात हो रही थी ।?(व्यवधान) मैं उस पर आता हूं ।?(व्यवधान) देश के 500 टॉप कंपनीज रोजगार सृजन कर सकती हैं । इन 500 कंपनियों में पोर्टल के माध्यम से ऐप्लिकेशन लेकर एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप का मौका दिया जाएगा ।

हम स्किल के बारे में छोटी उम्र से सुनते आ रहे हैं कि जापान, कोरिया, चीन में स्किल इतनी ज्यादा है कि लोग घर में बैठ कर काम कर सकते है । वे मोबाइल बना लेते हैं, बाकी सब काम करते हैं और हर आदमी के पास

काम है, रोजगार है । यह सुनते-सुनते मैं 52 साल क्रॉस करके 53 वें साल में पहुंच गया हूं । मैं माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी व निर्मला सीतामरण जी को धन्यवाद देना चाहता हूं । आपने ऐसा बजट पेश किया है, जिससे युवाओं को गारंटी के साथ रोजगार मिलने का अवसर आया है । मोदी जी की गारंटी की बात हो रही थी । मोदी जी की गारंटी है और अभी भी है । इस बजट में भी है ।? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं कल्याण दा की बहुत श्रद्धा करता हूं । दादा मेरे से बड़े हैं । मैं जब लोक सभा में चुनकर आया था तब आपने बहुत प्यार से बंगला में बिप्लव बोला था । दादा, मैं आपकी श्रद्धा करता हूं । ? (व्यवधान) मैं एक बात कहना चाहता हूं । मैं अंतिम पंक्ति में बैठा हुआ व्यक्ति हूं, एक छोटे से राज्य से, छोटे से गांव से आया हुआ व्यक्ति हूं । आप मेरी बात भी सुना करो । अभी यहां सैलजा जी ने बोला था कि जो अंतिम व्यक्ति के बारे में सुने, मैं तो बोलने के लिए खड़ा हूं । सैलजा जी मुझे संरक्षण दे दीजिए । ? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष जी, हमारे यहां कॉलेजों, यूनिवर्सिटीज में बड़ी मात्रा में कैम्पस सेलेक्शन होता है । अच्छे कॉलेजों में तो 100 परसेंट कैम्पस सेलेक्शन होता है, किन्तु किसी गांव में कॉलेज हो या छोटे जिले में हो, उसमें कैम्पस सेलेक्शन नहीं होता है । एक-दो परसेंटेज में होता है । युवा पढ़ने के बाद आशा करता है कि मुझे कुछ रोजगार मिलेगा । आप मानकर चलिये कि किसी कैम्पस से 30 परसेंट कैम्पस सेलेक्शन हो गया और बाकी 70 परसेंट लोग रह गए, इनके मन में इनफियरिटी कॉम्प्लेक्स आता है । वे फ्रस्ट्रेशन के शिकार होते हैं, ड्रग्स के शिकार होते हैं । माननीय प्रधान मंत्री जी ने गरीब बच्चों के लिए बजट में प्रावधान रखा है कि यदि आपका कैम्पस सेलेक्शन नहीं भी हो, हमारे देश में जो बड़ी-बड़ी कंपनियां हैं, जो टॉप-500 कंपनियां हैं, उनमें आपको इंटर्नशिप करने का 100 परसेंट मौका मोदी जी की गारंटी दे रहा है । ? (व्यवधान) उसमें पहले महीने 6000 रुपये और उसके बाद उनको एक साल तक पर-मंथ 5000 रुपये दिए जाएंगे । उसमें उनकी ट्रेनिंग होगी । यदि उनमें क्वालिटी हो, तो उसी कंपनी में उनका चयन भी हो जाएगा । आज देश में जॉब की कमी है, ऐसा नहीं है । पारदर्शिता की कमी है, स्किल्स की कमी है । जिसके अंदर स्किल है, एक्सपीरियंस है, मैंने देखा है कि वह आज इस कंपनी में है और कल उस कंपनी में चला जाता है । वह यहां छोड़ कर वहां चला जाता है, किन्तु गरीब बच्चा जिसके पास एक्सपीरियंस नहीं होता है, जिसका कैम्पस सेलेक्शन नहीं होता है, आज नरेन्द्र भाई मोदी जी वहां खड़े हैं कि मैं गार्जियन हूं, मैं तुम्हारे साथ हूं, मैं गरीब के साथ हूं, मैं एससी के साथ हूं, मैं एसटी के साथ हूं, मैं दलित के साथ हूं । यह बजट वह दर्शाता है । लम्बे समय तक कांग्रेस का राज था, किंतु कांग्रेस ने कभी भी उस दृष्टि से युवाओं को देखा ही नहीं । ? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष महोदय, इस बजट में शिक्षा, रोज़गार और विकास के लिए 1.48 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है । यहाँ से आवाज़ उठ रही थी, कह रहे थे कि कोई व्यवस्था ही नहीं है । लेकिन इसमें बड़ी मात्रा में प्रावधान किया गया है ।

महोदय, इस बजट में किसानों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपए रखे गए हैं । माननीय सैलजा जी किसानों की बात कह रही थी । मैं उनसे कहना चाहता हूँ कि बजट में किसानों के लिए 1 लाख 52 हजार करोड़ रुपए हैं और इसके अलावा, इसमें फर्टिलाइज़र के लिए 1.75 लाख करोड़ रुपए एक्स्ट्रा हैं । वह राशि भी किसान के लिए दी जा रही है ।

माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्रभाई मोदी जी के नेतृत्व में पिछले दस सालों में, वर्ष 2014 से 2023 तक लगभग 14 लाख करोड़ रुपए एमएसपी में दिये गये हैं । माननीय सैलजा जी हरियाणा के बारे में बात कर रही थीं, आपके हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा किसानों को सबसे ज्यादा एमएसपी दी जाती है ।

आपने एयरपोर्ट के बारे में कहा । हिसार में एयरपोर्ट तैयार हो चुका है, आप वहाँ से हवाई जहाज पर चढ़ सकते हैं ।? (व्यवधान) आप मुझसे ज्यादा हरियाणा को जानती हैं क्योंकि आपने वहाँ जन्म लिया है । जब मैं दिल्ली में नया-नया आया था तब आप मंत्री थीं । आपको कैसे मालूम पड़ेगा? मैं आपका आदर-सम्मान करता हूँ । आज आपने जिस तरह से निर्मला जी को धन्यवाद देते हुए अपनी बात की शुरुआत की, यह एक अलग ही गेस्चर है । मैं इसकी सराहना करता हूँ ।

महोदय, आज नरेन्द्रभाई मोदी जी का किसानों के प्रति काम करने का जो तरीका है, उसी के कारण आज भारत दुनिया में दुग्ध उत्पादन में नम्बर वन पर है । यह कैसे हुआ? अगर किसानों के लिए काम नहीं हुआ तो यह कैसे हुआ? कांग्रेस के जमाने में यह नम्बर वन तो था नहीं । यह था क्या? ? (व्यवधान) मुझे डेटा दिखा दीजिए । मैं अध्यक्ष जी से निवेदन करूँगा कि डेटा मांग लीजिए । वर्ष 2014 से पहले दुग्ध उत्पादन में देश की स्थिति क्या थी । आज यह दुग्ध उत्पादन में नम्बर वन है । मोटे अनाजों के उत्पादन में नम्बर वन है, चावल और गेहूँ के उत्पादन में नम्बर टू पर है । अगर मोदी जी ने किसानों के लिए काम नहीं किया, तो खेती में यह जो फलन है, वह कहाँ से आता है? वह पाकिस्तान से तो नहीं आता है ।? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** बिप्लव जी, आप एक बात बताएं । बंगाल और बंगाल में महिला सदस्यों का क्या है? ये आपको बंगाल पर सबसे ज्यादा टोक रही हैं ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** बंगाल वाले आपको सबसे ज्यादा क्यों टोक रहे हैं? आप इनको बंगाल में जवाब दे दीजिए ।

? (व्यवधान)

श्री बिप्लब कुमार देब **:** यह बात मुझे ज्यादा उत्साहित कर रही हैं ।? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** प्लीज, शांत रहें ।

इनको बंगाल की भाषा में जवाब दे दीजिए ।

श्री बिप्लब कुमार देब **:** जवाब दे देंगे ।? (व्यवधान) दादा, मैं बंगाल में जाना नहीं चाहता हूँ, आप मुझे क्यों लेकर जाना चाहते हैं? ? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष महोदय, श्री नरेन्द्र मोदी जी ऐसे प्रधान मंत्री हैं, जब किसी बच्चे का जन्म होता है, मां और बच्चे के साथ प्रधान मंत्री, ?प्रधान मंत्री मातृत्व वंदना योजना? को लेकर खड़े हो जाते हैं । ? (व्यवधान) बच्चे के जन्म के बाद मां और बच्चे के लिए ?उज्ज्वला योजना? के माध्यम से गैस चूल्हा फ्री में देते हैं । ? (व्यवधान) ?सूर्य घर योजना? के माध्यम से गरीब लोगों को बिजली फ्री मिलती है । ? (व्यवधान) ?प्रधान मंत्री आवास योजना? के माध्यम से घर फ्री मिलता है । ? (व्यवधान) ?प्रधान मंत्री शौचालय योजना? के माध्यम से शौचालय फ्री, तबियत खराब हो, तो ?आयुष्मान भारत योजना? के माध्यम से पांच लाख रुपए का हैल्थ इंश्योरेंस है, जो कि दुनिया में सबसे बड़ा हैल्थ इंश्योरेंस है, उसे श्री नरेन्द्र मोदी जी लेकर आए हैं । ? (व्यवधान)

घर से निकलना है, तो अटल जी ने ?प्रधानमंत्री सड़क योजना? की शुरूआत की थी, जिससे अब लोग अपने घर से निकलकर पक्के रास्तों पर चल सकते हैं । ? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्य, प्लीज, बैठे-बैठे टिप्पणी न करें ।

? (व्यवधान)

श्री बिप्लब कुमार देब **:** अध्यक्ष महोदय, इसके साथ-साथ घर में पानी की व्यवस्था की गई है । ?जल जीवन मिशन? के माध्यम से हर घर में मुफ्त पानी पहुंचाने की व्यवस्था प्रधान मंत्री जी ने की । ? (व्यवधान) खाना बनाने के लिए घर में गैस चूल्हा होना चाहिए, मुफ्त राशन 80 करोड़ लोगों को दिया जा रहा है । यह अगले पांच सालों तक चलेगा । मैं यह कहना चाहता हूं कि जन्म के समय भी मोदी जी हैं, खाना पकाते समय भी मोदी जी हैं, घर में रहने की व्यवस्था भी मोदी जी करते हैं, रास्ते पर चलने के लिए भी मोदी जी हैं, नेशनल हाईवेज और एक्सप्रेस-वेज़ बनाने के लिए भी मोदी जी हैं । इसका परिणाम है कि आज देश की 25 करोड़ फैमलीज़ गरीबी रेखा से ऊपर उठकर मध्यम वर्ग में पहुंच गई हैं । ? (व्यवधान) अब आप लोग नहीं चाहते हैं कि वे लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठकर मध्यम वर्ग में पहुंचें, तो मैं क्या करूं? ? (व्यवधान)

सैलजा जी बोल रही थीं कि डीसी के लिए, एससी-1, 2 के लिए क्या किया गया है? जो गरीब और पिछड़े लोग हैं, यह चीज उन लोगों को ही ज्यादा मिलती है । जब मैं त्रिपुरा में मुख्यमंत्री के नाते काम कर रहा था, तो माननीय प्रधान मंत्री जी के मार्गदर्शन में मैंने एक और स्कीम भी लॉन्च की थी । जीवन भर के लिए तो सब स्कीम्ज हैं, घर भी है, मकान भी है, रास्ता भी है, बिजली भी है, पानी भी है, खाना भी है, चावल भी है, अनाज भी है, लेकिन त्रिपुरा में यदि किसी गरीब परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु हो जाती है, तो अंतिम संस्कार के लिए दो हजार रुपए मोदी जी के नेतृत्व में वहां की सरकार देती है । ? (व्यवधान) मृत्यु के बाद लोगों के परिजनों के लिए स्मृति का रास्ता मैंने बनाया, शमशान में अपने माता-पिता जी की स्मृति में पेड़-पौधे लगा दीजिए, वे पेड़-पौधे लोगों को ऑक्सीजन देने का काम करेंगे । ? (व्यवधान) उससे राहुल गांधी जी को भी आक्सीजन मिलती है और हम लोगों को भी ऑक्सीजन मिलती है । ? (व्यवधान) मेरे मित्रों, यह कार्य भी मोदी जी ने ही किया है । ? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष महोदय, सैलजा जी महिला हैं । हमारी माननीय वित्त मंत्री भी महिला हैं । ? (व्यवधान) श्रीमती इंदिरा गांधी महिला प्रधान मंत्री थीं । ? (व्यवधान) उसके बाद सोनिया जी यूपीए सरकार के दस सालों में, यूपीए की चेयरपर्सन थीं । ? (व्यवधान) मीसा जी यहां बैठी हुई थीं, अभी शायद नहीं हैं । ? (व्यवधान) अच्छा हैं? उधर बैठी हैं मेरी बहन । ? (व्यवधान) सोनिया जी 33 परसेंट रिजर्वेशन का बिल लाना चाहती थीं, आपकी पार्टी के लोगों ने उसे फाड़कर स्पीकर के सामने फेंक दिया था । ? (व्यवधान) दो-दो महिला, इंदिरा गांधी जी और सोनिया जी, इतनी प्रभावशाली होते हुए भी, यूपीए की चेयरपर्सन होने और चाहने के बावजूद भी महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण नहीं लाईं । ? (व्यवधान) माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में, मैं गर्व करता हूं, दोनों हाउस में महिला आरक्षण बिल लाने में सफल रहे और करके दिखाया । ? (व्यवधान) मेरे मित्रों, 2029 में 33 प्रतिशत रिजर्वेशन से महिलाओं, बहनों को इसी हाउस में लाया जाएगा । ? (व्यवधान)

एसएचजी ग्रुप, आज 10 करोड़ बहनें एचएचजी ग्रुप्स में काम करती हैं ।? (व्यवधान) रोजगार करती हैं, वे स्वरोजगारी बनी हैं ।? (व्यवधान) ड्रोन दीदी, हम शहर के लोग ड्रोन चलाएंगे, इसके बारे में आइडिया नहीं था, आजकल गाँव में बैठी एसएचजी ग्रुप की महिला ड्रोन चलाती है । ? (व्यवधान) किसानों की फसलों की देखभाल कराती हैं ।? (व्यवधान) वह फर्टिलाइजर देने की व्यवस्था करता है ।? (व्यवधान) क्या कभी किसी गाँव में किसी महिला ने कभी सोचा था कि मैं ड्रोन चलाऊँगी? ? (व्यवधान) बजट में इसके लिए 400 करोड़ रुपया दिया गया है

।? (व्यवधान) मेरी बहनों आप ड्रोन नहीं चलाएंगी, आपको प्लेन दिया जाएगा, चिंता मत कीजिए ।? (व्यवधान) मैं नॉर्थ-ईस्ट से आता हूँ, कांग्रेस के शासन में वहाँ मात्र 9 एयरपोर्ट थे, आज माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में नार्थ-ईस्ट में 16 एयरपोर्ट हैं । अभी हमारे रेलवे मंत्री जी यहाँ बैठे हुए थे, नॉर्थ-ईस्ट के सभी राज्यों में रेल कनेक्टिविटी लाने वाले माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी हैं ।? (व्यवधान) कांग्रेस का लंबे समय तक शासन नॉर्थ-ईस्ट में रहा है । उस समय वहाँ करप्शन के ऊपर करप्शन, स्कैम के ऊपर स्कैम, इसके अलावा इन्होंने कुछ नहीं किया । मैं यह सब कुछ आपके सामने रखने वाला हूँ ।? (व्यवधान) इस बजट में 3 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान महिलाओं और उनसे संबंधित स्कीम्स के लिए रखा गया है ।? (व्यवधान) इसका मतलब है कि इस बजट में किसानों के लिए भी प्रावधान है, महिलाओं के लिए भी प्रावधान है, युवाओं के लिए भी प्रावधान है और हमारी आम जनता के लिए भी प्रावधान है ।

महोदय, यहाँ संविधान की बात उठी है । संविधान की प्रति हाथ में लेकर शपथ ग्रहण करनी पड़ती है । कांग्रेस ने 70 बार देश में धारा 356 लगाकर इस संविधान की हत्या की हुई है ।? (व्यवधान) दादा, आप बोलते हो ।? (व्यवधान) ममता दीदी ने भी कांग्रेस को इसीलिए छोड़ा था, सीपीएम का साथ छोड़ा था ।? (व्यवधान) वह दीदी के साथ थी और इसीलिए दीदी ने छोड़ दिया और छोड़कर तृणमूल कांग्रेस बनाई । कांग्रेस और कम्युनिस्ट के लोगों ने, कम्युनिस्ट्स की सत्ता के समय दीदी का माथा फटा था और उस समय दीदी को 28-29 टांके लगे थे । कांग्रेस और कम्युनिस्ट्स, जो आज साथी हैं, उन्हीं लोगों ने ऐसा किया था और दीदी को स्ट्रेचर पर एक रिक्शा वाला उठाकर लाया था ।? (व्यवधान) दादा, मैं झूठ नहीं बता रहा हूँ, मैं सच बता रहा हूँ ।? (व्यवधान) आज आप उनके साथ बैठे हो ।? (व्यवधान) जिन्होंने दीदी का माथा फटाया, आप उनके साथ बैठे हो ।? (व्यवधान) दीदी देख रही हैं और इसीलिए दीदी ने बंगाल में कंप्रोमाइज नहीं किया ।? (व्यवधान) बंगाल में दीदी में दम था, इसलिए इन लोगों के साथ समझौता नहीं किया और दादा आप इनके साथ बैठे हो ।? (व्यवधान) दादा, आप यहाँ बैठे हुए सुन्दर नहीं लगते हो, आप इधर बैठिए ।? (व्यवधान) कल्याण दादा, आपका नाम कल्याण है, कल्याण करो, आप इधर आओ और मोदी के साथ रहकर ही कल्याण कर सकते हो, वहाँ बैठकर कल्याण नहीं कर सकते हो, वहाँ एक परिवार, सिर्फ गाँधी परिवार का कल्याण करने वाले लोग हैं । ? (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, मैं त्रिपुरा से आता हूं और एक बार मिडल में त्रिपुरा के अंदर कांग्रेस की सरकार आई थी । अपनी ही सरकार में राष्ट्रपति शासन जारी करके कांग्रेस ने अपनी मित्रता रखने के लिए वहां सीपीएम को बैठाया । मेरी छोटी-सी स्टेट में राष्ट्रपति शासन लागू किया और सीपीएम को वहां बैठा दिया ।? (व्यवधान) मनमोहन सिंह जी 10 साल तक देश के प्रधान मंत्री रहे हैं । वे असम से राज्य सभा एमपी रहे । गोगोई जी सदन में बैठे हैं । असम से राज्य सभा एमपी रहने के बावजूद भी वे नार्थ-ईस्ट में एक बार भी नहीं गए और मैंने अपने क्षेत्र में तो उनकी फोटो भी नहीं देखी । प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी अब तक नार्थ-ईस्ट में 90 बार जा चुके हैं और मंत्रिपरिषद में बैठे हुए लोगों ने 700 बार नार्थ-ईस्ट में प्रवास किया है । आज नार्थ-ईस्ट के राज्य 85 परसेंट ज्यादा कृषि उत्पाद को एक्सपोर्ट करते हैं ।? (व्यवधान)

अध्यक्ष जी, ये लोग संविधान की बात करते हैं । वर्ष 1975 में इमरजेंसी लगाने वाला कौन है? इमरजेंसी किसलिए लगाई थी? देश में इमरजेंसी तब लगती है, जब देश में आपातकाल होता है या देश में डिजास्टर होता है या कोई युद्ध होता है । वर्ष 1975 में इमरजेंसी क्यों लगी, किस कारण से लगी, यह सभी जानते हैं । एक व्यक्ति के लिए, एक परिवार के लिए भारत जैसे गणतांत्रिक देश में इमरजेंसी लगा दी गई और ये संविधान लेकर घूमते हैं ।? (व्यवधान) इस देश में एक परिवार के लिए, एक व्यक्ति के लिए, इंदिरा गांधी के लिए इमरजेंसी लगाई गई । देश में कोई युद्ध नहीं था, कहीं भीषण बाढ़ नहीं आई थी, कोई आपातकाल की स्थिति नहीं थी । ये लोग आज

संविधान की बात कर रहे हैं । बाबा साहब अम्बेडकर को कांग्रेस ने इलेक्शन में हराने का काम किया है । उन्हें हाउस में नहीं जाने दिया और माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी को मैं सैल्यूट करता हूं कि उन्होंने पंच तीर्थ बनाकर इन्हें जवाब दिया, जो हम सब के साथ है ।

अध्यक्ष जी, हमारे देश में जॉब की कमी नहीं है । हमारे देश में स्किल की कमी थी, जिसके लिए स्किल डेवलपमेंट मिनिस्ट्री भी नरेन्द्र भाई मोदी जी ने बनाई और राजीव प्रताप रूड़ी जी, मेरे मित्र यहां बैठे हुए थे, वे पहले मंत्री बने थे ।? (व्यवधान) जोशी जी, आप यह बात कह कर क्यों दुख देते हैं कि जनता ने हटाया । ये लोग तीन इलेक्शन मोदी जी के सामने हारे हैं । तीन चुनावों में इनकी संख्या मिलाकर भी 240 नहीं हुई । वहां बैठकर हमारे 400 की संख्या की बहुत चिंता करते हैं । ये हमारी पार्टी के लिए यह सोच रखते हैं कि 400 पार क्यों नहीं हुआ । इसके लिए मैं कहूंगा कि वर्ष 2047 तक एनडीए की ही सरकार रहेगी और 400 की संख्या पार करके जनता इन्हें जवाब देगी ।? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष जी, मैं त्रिपुरा का सीएम रहा हूं ।

माननीय अध्यक्ष **:** मैं आपसे आग्रह करूंगा कि बैठे-बैठे यदि कोई व्यक्ति कुछ बोले तो उसका जवाब मत दो ।

श्री बिप्लब कुमार देब **:** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं यह बताना चाहता हूं कि मैं जिस पार्टी से आता हूं, उस भारतीय जनता पार्टी ने, मेरा जितना भी पॉलिटिकल करियर है, उसमें आठ साल मुझे प्रदेश अध्यक्ष बनाया, एम.एल.ए. बनाया, मुख्य मंत्री बनाया ।? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** आप किसे स्पष्टीकरण दे रहे हैं?

आप इन्हें स्पष्टीकरण मत दीजिए । आप बजट पर बोलिए ।

श्री बिप्लब कुमार देब **:** माननीय अध्यक्ष महोदय, नॉर्थ-ईस्ट में लम्बे समय तक इन्सर्जेन्सी रही । चाहे वह बोडोलैंड समस्या का समाधान हो, नागालैंड में समस्या का समाधान हो, चाहे नॉर्थ-ईस्ट में आफ्स्पा को 60 प्रतिशत खत्म करने का प्रावधान हो, वह मोदी जी के नेतृत्व में किया गया ।

माननीय अध्यक्ष महोदय, आपको यह जानकर बहुत दुख होगा कि मेरे राज्य त्रिपुरा में जो जनजाति है, वह वर्ष 1998 में मिज़ोरम से डिस्प्लेस्ड होकर त्रिपुरा में रिफ्यूजी जैसा 23 साल रही है । वहां कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार रही, केन्द्र में उनकी मिली-जुली सरकार रही । ये एस.सी., एस.टी. की बात करते हैं और वहां 36,000 जनजातीय परिवारों को 23 सालों तक रिफ्यूजी जैसा रहना पड़ा । उन्हें पढ़ाई की सुविधा नहीं थी, वोट देने का अधिकार तक नहीं था । उनके पास कुछ भी नहीं था । वे जनजातीय लोग हैं, एस.टी. हैं, गरीब हैं । इन्हें हक दिलाने का काम, स्थायी रूप से त्रिपुरा में रहने का काम आदरणीय प्रधान मंत्री मोदी जी ने इनके लिए 600-700 करोड़ रुपये का पैकेज देकर किया है ।

अध्यक्ष जी, यह कोई छोटी बात नहीं है कि अपने ही देश में कोई 23 सालों तक रिफ्यूजी बनकर रहे । उस समय केन्द्र की सरकार क्या कर रही थी? त्रिपुरा में कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार थी । एक समय कांग्रेस और कम्युनिस्ट्स की मिली-जुली सरकार थी, उनका सपोर्ट था । किन्तु, उन एस.टी. समाज, जनजातीय समाज के लिए काम नहीं किया गया ।

महोदय, त्रिपुरा में लम्बे समय तक इन्सर्जेन्सी रही । एन.एल.एफ.टी. को सरेन्डर करने का काम गृह मंत्री अमित भाई शाह जी ने करवाया । इसलिए चाहे नॉर्थ-ईस्ट की बात हो या पूरे देश की बात हो, माननीय प्रधान मंत्री जी ने हर क्षेत्र में पिछले दस सालों में काम किया है । इसका यह परिणाम है । मैंने शुरू में ही कहा कि कैपिटल एक्सपेंडिचर 18.2 प्रतिशत बढ़ा है । यह ऐसे ही नहीं बढ़ा है । उन्होंने काम किया है, इसलिए यह बढ़ा है । मैं विश्वास करता हूं कि माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में अगले तीन सालों में हमारे देश की इकोनॉमी, जो दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी इकोनॉमी है, वह सबसे बड़ी इकोनॉमी में तीसरे स्थान पर चली जाएगी ।

महोदय, इन्हें सरकार बचाने की इतनी चिंता है । शैलजा जी ने इस बजट को ?कुर्सी बचाओ बजट? कहा । इसका मतलब कि बिहार और आंध्र प्रदेश की जरूरत कांग्रेस को नहीं है । यह बजट सबके लिए है । जैसा कि मैंने बताया, इसमें लगभग 4.75 लाख करोड़ रुपये शेयर सभी राज्य सरकारों को अलग-अलग स्कीम्स के माध्यम से जाएंगे । यह सिर्फ दो राज्यों में ही नहीं जाने वाला है ।? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष महोदय, इस बजट के माध्यम से निर्मला सीतारमण जी ने हर वर्ग के लिए काम किया है और माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में यह एक सशक्त बजट है, युवाओं का बजट है, महिलाओं का बजट है, गरीबों का बजट है ।

महोदय, मनरेगा के बारे में बात हो रही थी । इस बजट में मनरेगा के लिए 25,000 करोड़ रुपये बढ़ाये गये हैं । इसे जरा पढ़ कर देख लीजिए । इसे पूरा पढ़ लीजिए । चाहे देश का अन्तिम व्यक्ति हो, चाहे इस सदन में बैठे हुए हम सभी लोग हों, इस बजट में नरेन्द्र भाई मोदी जी ने सबके लिए काम किया है ।

अध्यक्ष जी, मैं मानता हूँ कि मोदी जी के नेतृत्व में वर्ष 2014 में जो काम शुरू हुआ है और वर्ष 2047 तक एनडीए की सरकार रहते हुए देश को दुनिया की नंबर वन इकोनॉमी बनाएंगे । देश को एक नई ऊंचाई देने का काम जो रबिन्द्र नाथ टैगोर ने सोचा था, जो स्वामी विवेकानंद ने सोचा था । ? (व्यवधान) अभी दादा को अच्छा लगेगा, क्योंकि मैंने टैगोर जी का नाम लिया है । ? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्य मीसा जी, आप भाषण दे देना, लेकिन आज आप बैठे-बैठे हुए टिप्पणी बहुत कर रही हैं और भाषण में अपना नाम नहीं देती हैं ।

? (व्यवधान)

श्रीमती मीसा भारती **(**पाटलिपुत्र**) :** सॉरी सर । ? (व्यवधान)

श्री बिप्लब कुमार देब **:** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आज आपको एक बात बताना चाहता हूँ । ? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्य बिप्लब जी, आप उधर का जवाब नहीं देंगे, आप आसन की तरफ का जवाब देंगे ।

? (व्यवधान)

श्री बिप्लब कुमार देब **:** महोदय, मैं आज आपको एक बात बताना चाहता हूँ कि स्वामी दयानंद सरस्वती को समाज सुधारक के नाते जाना जाता है, क्योंकि उन्होंने कुरीतियों को खत्म किया । ईश्वर चंद्र विद्यासागर को विधवा विवाह की शुरूआत कर के समाज सुधारक के नाते जाना जाता है । राजा राम मोहन को भी समाज

सुधारक के नाते जाना जाता है, क्योंकि उन्होंने सती दाह प्रथा को बंद करवाया था । इसी तरह से हमारे प्रधान मंत्री जी ने सिर्फ आर्थिक सुधार ही नहीं किए हैं, बल्कि समाज सुधारक के नाते भी काम किया है । उन्होंने भी तीन तलाक खत्म कर के सामाज को सुधार दिया है । इसलिए माननीय प्रधान मंत्री जी ने सिर्फ आर्थिक सुधार ही नहीं किए हैं, उन्होंने समाज सुधारक के नाते भी काम कर के इस देश के समाज को सुरक्षित रास्ता दिखाया है ।

महोदय, सैलजा दीदी ने स्वच्छ भारत अभियान की बात की है । मैं बताना चाहता हूँ कि स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से आज हम भारत के लोगों का स्वभाव बदला है । मैं भी जब छोटा था और जब बस से जाता था, तो बिस्किट खा कर उसका पैकेट बाहर ही फेंकता था, यही शिक्षा थी कि बाहर ही फेंको, बस में मत रखो । जबकि मैं आज देखता हूँ कि कोई बच्चा गाड़ी में जाता है, रास्ते में चलता है, तो कुछ भी रास्ते पर नहीं फेंकता है । इस प्रकार से नरेंद्र भाई मोदी जी की स्वच्छ भारत की मानसिकता के कारण से पूरे समाज में परिवर्तन हुआ है और साथ ही साथ स्वच्छ भारत वही नहीं है, डिज़िटाइज़ेशन भी है, स्वच्छ भारत के माध्यम से करप्शन को खत्म किया है और नरेंद्र भाई मोदी जी इस काम को करते रहेंगे । इससे बड़ी मात्रा में भारत के लोगों को लाभ हुआ है । स्वच्छ भारत सिर्फ झाड़ू मारना ही नहीं है, स्वच्छ भारत का मतलब करप्शन को खत्म करना भी है । नरेंद्र भाई मोदी जी ने करप्शन को खत्म कर के एक नया आयाम कायम किया है ।

अध्यक्ष महोदय, इसलिए मैं बजट का समर्थन करते हुए इतने बेहतरीन बजट के लिए माननीय प्रधान मंत्री जी और माननीय वित्त मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूँ । आप सबको भी धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष **:** श्री वीरेन्द्र सिंह जी ।

<u>14.48 hrs</u> (Shri Dilip Saikia *in the Chair*)

श्री वीरेन्द्र सिंह **(**चन्दौली**) :** माननीय सभापति जी, आज मैं सदन में माननीय वित्त मंत्री जी के द्वारा जो बजट पेश किया गया है, उसका विरोध करने के लिए इसलिए खड़ा हूँ क्योंकि माननीय मंत्री जी ने, जो संघीय ढांचा इस देश में बना था, सारे प्रदेशों में उनकी आबादी, उनकी भौगोलिक स्थिति के अनुसार सबको बजट का आवंटन होता था, लेकिन माननीय मंत्री जी ने उसमें इस तरीके की विसंगतियां की हैं, जैसे लग रहा था कि यह सरकार बचाओ बजट है । इसमें पूरे देश में रहने वाले क्षेत्रीय प्रदेशों के तमाम लोगों के अधिकारों का भी हनन हुआ है ।

महोदय, हम यूपी से आते हैं । हमने एक बार भी माननीय वित्त मंत्री जी के मुँह से यूपी शब्द को नहीं सुना । लगता है कि हमारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के नेतृत्व में जिस तरीके से भारतीय जनता पार्टी को बहुमत पाने से रोका गया है, शायद उसी का खामियाज़ा हमारे उत्तर प्रदेश को भुगतने को मिल रहा है ।

वित्त मंत्री जी ने किसानों के बारे अपनी बजट में कोई प्रावधान नहीं किया है । जहां तक मेरा मानना है कि किसानों की आमदनी तब तक नहीं बढ़ेगी, जब तक किसानों की स्थिति बदहाली से दूर नहीं हो पाएगी । उसके दो तरीके हैं । पहला तरीका यह है, जो खेती में होने वाली लागत है, उसको कम किया जाए और दूसरा तरीका यह है कि उसके उत्पादन को उचित मूल्य बाजार में मिले । खेती की लागत कैसे कम होगी, जब तक यह सरकार कृषि यंत्रों पर से जीएसटी नहीं हटाएगी, उपयोग में आने वाले खाद एवं दवाइयों पर 18 परसेंट जीएसटी ली जाती है, कृषि यंत्रों पर भी जीएसटी लगाने का काम यह सरकार की है । इससे उनकी लागत में कमी आने की कोई उम्मीद उसके पास नहीं रह गई है ।

जहां तक किसानों को फसल बीमा का झुनझुना थमाया गया है, हम लोगों ने देखा है कि केवल उन संस्थाओं को लाभ पहुंचाने की नीयत से इस देश के टैक्स का करोड़ों-करोड़ रुपया उन कंपनियों को दिया जाता है, लेकिन जब किसान उसकी एवज में अपने फसल की बीमा का भुगतान के लिए उसके दरवाजे पर जाते हैं तो बीमा का सरलीकरण न होने के कारण तमाम उन कानूनों एवं पेचीदगियों में उसे फंसा दिया जाता है । मुझे यह विश्वास है कि भारत सरकार उनको बीमा करने के लिए शायद जितनी राशि देती है, उसका पाँच प्रतिशत भी वह उन किसानों को वापस नहीं करते हैं ।

महोदय, मैं किसान का बेटा हूं । मैं जानता हूं कि जवानों की भर्ती पूरे देश में नहीं हो रही है । गरीब, किसान, मजदूर, गांव में रहने वाले नौजवानों की यह इच्छा होती है कि वह सेना में भर्ती होकर, अन्य संस्थाओं में भर्ती होकर अपने सपने को पूरा करें । वे अपने देश की रक्षा में अपना जीवन कुर्बान करने के लिए भी तैयार होते हैं । हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष और इंडिया गठबंधन के नेता अग्निवीर योजना का विरोध कर रहे थे । उस अग्निवीर योजन के बारे में, उसको खत्म करेंगे या उनके जीवन को हम सुरक्षित रखेंगे, इस बारे में एक भी शब्द माननीय वित्त मंत्री जी ने अपने बजट के प्रावधान में नहीं बोला ।

महोदय, आप जानते हैं कि देश की सीमाओं पर देश की चौकीदारी करने के लिए हमारे देश के नौजवान जाते हैं, चाहे वे अग्निवीर हों, चाहे रेगुलर भर्ती का नौजवान हों, जो अपनी जान को हथेली पर लेकर बॉर्डर पर जाते हैं, उनको पूरा विश्वास होता है कि जो सरकार देश में है, वह हमारे पीछे खड़ी है । अगर मेरी जान को कुछ हो जाएगा तो निश्चित रूप से यह सरकार हमारे परिवार, घर और बाल-बच्चों की रक्षा करेगी । लेकिन, दुर्भाग्य है कि सत्ता में बैठे हुए तमाम लोगों को उनकी पीड़ा का अहसास नहीं है । वे अग्निवीर को टेम्परेरी भर्ती के रूप में लेते हैं । यहाँ तक की उनको शहीद का दर्जा भी देने के लिए आनाकानी करते हैं । इस सदन से मेरी माँग है कि यदि उन नौजवानों के प्रति पीड़ा है, किसानों और गरीब के बेटों के प्रति पीड़ा है तो उस भर्ती अभियान को जारी रखा जाए । यदि उनकी कुर्बानी देश के बार्डर की रक्षा के लिए होती है तो उन्हें शहीद का दर्जा दिया जाए ।

रेलवे में दो कैटेगरीज़ हो गई हैं । एक ऐसी कैटेगरी है, जिस कैटेगरी में पैसे वाले और धनवान लोग यात्रा करते हैं । उसे बहुत अच्छे तरीके के संवारने का प्रयास यह सरकार करती है । गांव, गरीब, किसान के बच्चे और किसान जिस यात्री, सवारी गाड़ी से यात्रा करते हैं, उनकी बहुत बदहाल स्थिति है । न उनकी लैट्रिन-बाथरूम ठीक हैं, न वहां बैठने की ठीक जगह है, न रेलवे में सफाई होती है और न कर्मचारियों के द्वारा उनके साथ ठीक ढंग से व्यवहार किया जाता है । मैं उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल से आता हूं । मैं पिछले दिनों अपने साथियों से मिलने के लिए मुंबई गया था । वहां के लोगों की एक मांग थी ।

मैं सदन के माध्यम से इस बात को कहना चाहता हूं कि यदि रेल मंत्री के पास बजट में व्यवस्था हो तो मुंबई से पूर्वांचल के लिए अतिरिक्त गाड़ियों की व्यवस्था करें, ताकि वहां काम करने वाले हमारे तमाम साथी अपने घर ठीक तरीके से आ सकें । महोदय, हम लोगों के इंडिया गठबंधन के साथ जुड़े हुए समाजवादी विचार के नेता आदरणीय लालू प्रसाद यादव जी के समय में गरीब रथ गरीबों के लिए चली थी । उसमें जो व्यवस्था और सुविधा थी, वह एक अनुकरणीय व्यवस्था थी । हम चाहते हैं कि गरीब रथ जैसी गाड़ियां यदि हमारे रेल मंत्रालय के द्वारा चलाई जाएं तो निश्चित रूप से हमारे किसान, गरीब और मजदूरों को लाभ होगा ।

महोदय, न्यायालयों में करीब पांच करोड़ मुकदमे लम्बित हैं । वहां गरीब सबसे ज्यादा परेशानी में जूझता है । बजट में इस तरीके का कोई प्रावधान सुनने को नहीं मिला कि मुकदमे को खत्म करने के लिए जिला न्यायालयों में इन्फ्रास्ट्रक्चर होना चाहिए, व्यवस्था और सुविधा होनी चाहिए । न्यायालय को दिशा-निर्देश होना चाहिए कि

उनके मुकदमों का नितारण ठीक ढंग से हो जाए, ताकि उनकी कमाई का बहुत बड़ा भाग जो मुकदमे की पैरवी करने में लग जाता है, वह बच सके ।

I am going to wrap up, Sir, with just one sad comment further before I conclude, which is about the accidents and the failure of the Government to implement its own *kavach* that it has been talking about. We have had grisly and ghastly railway accidents, but the *kavach* system has only utilized less than half of the money allotted to it in the last Budget and only one per cent of the total amount of railway lines that are supposed to have been equipped with *kavach* have been equipped. So, this is pretty shameful and the Budget has glossed over it.

Nor did the Finance Minister mention MGNREGA which has been mentioned by others, so I can just say in one sentence that demand keeps going up, but the Modi

Government keeps reducing its allocations to this, and the allocation they have requested now is far short of the amounts requested and required to meet the demands. On top of that, they have deleted job cards. 267 per cent of more job cards have been deleted this year, and the new Aadhaar-based payment system has left eight million active workers ineligible for payment. This is supposed to be something to help the rural poor. It is actually hurting them,

Sir, let me conclude by saying that this Budget is a do-nothing, claim-to-do-everything exercise. No matter how much the Government ratchets up the mythic vision of a Viksit Bharat and its rhetoric, this is not a Budget for a Viksit Bharat. It is a motley collection of schemes without an analytical framework or a coherent spending plan, and no pathway to achieve the boasts and rhetoric of either Amrit Kaal or Viksit Bharat. The Government is selling us a penthouse in a building whose foundations are shaky, whose canopy has collapsed, whose lift shaft is yet to be installed, and whose workers are starving.

The Budget lacks originality, ambition and strategy. We get no answers to the employment puzzle. We get no solutions to education, health, and we do not engage with any of the crises of investment I have outlined today.

The Budget that India needs and India deserves is much more than a statement of solidarity with the ruling party's political allies.

Thank you, Mr. Chairman. Thank you.

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Thank you, Mr. Chairperson. I will be speaking for the first time after being elected to the 18th Lok Sabha. It is my pleasure and I express my gratitude to my party, Bharatiya Janata Party and my leader *Yashasvi Pradhan Mantri* Narendra Modi ji for being entrusted to participate in the deliberation on the Budget 2024-25.

This budget is for continuation of empowerment of the newly emerged neo middle-class. The budget sans poetry, but is filled with political pragmatism. This is a Budget that will take the country?s villages, poor and the farmers on the path of prosperity. The Budget exercise is a complex intertwining of political-economy compulsions with multiple policy trade-offs required to achieve often conflicting economic objectives, while constrained by limited revenues. Despite these difficulties, a hallmark of the budgets of the past few years has been stability and predictability in approach and outcomes. Key to this continuity is furthering progress on the path of fiscal consolidation.

The fiscal deficit has been steadily reduced from 9.2 per cent of the GDP in the FY 2021 to a budgeted 5.1 per cent for the FY 2025 in the Interim Budget. Now it is estimated that the fiscal deficit would be 4.9 per cent of GDP. The earlier FY 2024 fiscal deficit has been 5.6 per cent. This demonstrates that the Indian economy has recovered strongly from the pandemic, but sustaining growth to attain Viksit Bharat?s goal will require sustained interventions and dealing with several emerging economic and policy challenges. India has achieved higher growth in the post-pandemic period without compromising on financial stability. This year?s Budget is remarkably different from that of the previous 10 budgets.

When the Interim Budget was presented last February, 2024 I had said sitting that side, ?The Government is full of self-confidence to form the next Government and thereby looking at the long-term picture?. This Budget has specifically outlined the developmental programmes in the Eastern States of the country. The hon. Prime Minister?s vision of Purvodaya has been propounded in this year?s Budget mentioning Bihar, Jharkhand, West Bengal, Odisha and Andhra Pradesh. There was a time in not so distant past when this part of the country was feeding the whole of India. It was rich because of its trade and commerce, because of its rich soil, because of the production of food grains. People thronged to that part for employment as Odisha is rich in minerals, with abundant water and forest cover. Andhra Pradesh and Odisha have a long coastline with vibrant ports. Jharkhand is a mineral-rich State with adequate human resources. Bihar has a vast stretch of plains for cultivation and able human resources. West Bengal developed its agriculture and has a vigorous MSME sector engaging a large number of youths. Yet, I would say that this part of the country was systematically pauperised during the last 50 or 60 years until there was an intervention of the Union Government led by Modi ji.

Today, we find policy intervention and the greater focus is on the eastern States. The hon. Prime Minister has repeatedly said during the last 10 years that the country cannot become fully Viksit if a region is left unattended and underdeveloped. I congratulate the Government and the Finance Minister for bringing the eastern States into the focus of development. Investment on infrastructure will facilitate investment and investment will generate employment which will ultimately help in the economic growth of the country.

Hon. Chairperson, Sir, here, I would like to mention that there have been some criticisms in my State by the Opposition that Odisha did not find place in the

Finance Minister?s Budget Speech. While mentioning about ?Purvodaya?, the Finance Minister has categorically stated and I quote:

?We will formulate a plan, Purvodaya, for the all-round development of the eastern region of the country covering Bihar, Jharkhand, West Bengal, Odisha and Andhra Pradesh.?

Here is the actual issue that is there and the plan that is there before this Government. I quote:

?This will actually cover human resource development, infrastructure, and generation of economic opportunities to make the region an engine to attain Viksit Bharat.?

These five States will be the engine of development of our nation. And today, I may mention here that in the other House there was a Question from an Opposition Member relating to Odisha. He was asking, ?What are you going to do about the Coastal Express Highway that was supposed to be built? What are you going to do relating to the capital region highway or the roadway that is going to begin? And there is a specific answer by the Government in the other House. I believe in tomorrow?s newspaper and in today?s media, all that will be flashed.

Now, I come to the Polavaram issue on which there were some criticisms also. Categorically, I had stated, being a Member in the 16th Lok Sabha, that the Government of Odisha and the people of Odisha are not against the Polavaram project *per se*. Our concern was relating to the inundation of backwaters after the commencement of the Polavaram project. It is a national project. Adequate funding is now going to be provided for the Polavaram project. But the concern of Odisha is that adequate measures need to be taken and the Chief Minister of Odisha and the Chief Minister of Andhra Pradesh are going to sit together and settle that matter. It is not a political issue at all. Whatever human intervention is necessary or whatever Government intervention is necessary, that will be done by the respective two Governments together sitting there and finding out the solution.

My third point for deliberation here is this. How does we focus on forging a new economic strategy? I believe the Government will take note of it -- what I am going to mention just now -- which is now crucial to counter the challenge to investment and growth by China?s muscular industrial policy. Amid rapidly rising trade deficit with China, despite efforts to curb imports and investment in the backdrop of Galwan clash in 2020, some are advocating to attract investment from Chinese

companies to boost import. We know that a number of countries such as Mexico, Vietnam, Taiwan and Korea are benefitting from ?China Plus One? strategy pursued by western firms. The question for us is this. If we adopt this policy, will it result in a total movement of trading relations away from China?

<u>18.00 hrs</u>

Should we import goods from China or import capital from China? That is the question. The Economic Survey has stated this. ? (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: It is already 6 ?o? clock. Since there is a long list of Members from various parties to speak, if the House agrees, we will extend the time of the House up to 8 ?o? clock.

SEVERAL HON. MEMBERS: Ok Sir, we agree with you.

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB: To boost Indian manufacturing, plug India into the global supply chain, it is inevitable that India plugs itself into the China supply chain. Whether we do so by relying solely on imports or partially through Chinese investment is a choice that India has to make. The economic survey has posed this question before the nation and before the Parliament and the Parliament has to take a decision and to a certain extent, the Finance Minister has mentioned it in her speech not in such clear terms but a mention is there.

<u>18.01 hrs</u> (Shri Dilip Saikia *in the Chair*)

So, what is the decision of the Government I would like to understand. There are two things prevalent today. One is this China plus one policy. The other is ABC which means anybody other than China. Why can we not adopt the second option? I believe there is a need to strike a balance between importing goods and FDI from China. Data shows that foreign investment from China has not been robust although Chinese goods has been persistent and has been rising for close to two decades. Out of the two choices to benefit from the China plus one strategy, it can integrate into China supply chain or promote FDI from China. Amongst these choices, focussing on FDI from China seems more promising for boosting India?s export. Moreover, choosing FDI to benefit from the China plus one approach appears more advantageous than relying on trade.

India has huge ambition in photo-voltaic semiconductor electric vehicles and pharma industries. India has robust capacity in steel and yet sees significant imports of cheap Chinese steel. Why are we importing Chinese steel that are

flooding our market? China is a dominant supplier in India including pharma. Since roads, ports and rail tracks are not tradeable, we make it here but the rest are falling prey to Chinese industrial policy. If current needs are met by our imports, that would rule out investment and depress overall economic growth in our country. To thwart industrial infanticide at the hands of the Chinese State, Indian industry must be spared the price pressure of Chinese imports.

The fourth point that I would like to mention is this. The country is at a critical juncture grappling with significant economic challenges despite being an accounting document. The Budget is more than just a ledger of expenditure and revenue. It is a powerful signal of the Government?s priorities and policy directions and an estimated 135 million Indians emerged from multidimensional poverty between 2015-16 and 2019-20. This trend is primarily driven by improvements in rural India with the most major gains in States such as Bihar, Madhya Pradesh, Uttar Pradesh, Odisha and Rajasthan.

India today is on track to achieve the Sustainable Development Goal of cutting multidimensional poverty by at least half by 2030. By each of the nine tracks highlighted in the Budget, it has many areas to appreciate. The focus on employment generation will be a big boost and provide the thrust for the growth of the economy. The support for manufacturing sector, a package for employment generation and the skilling and upskilling for 4.1 crore youth across sectors are some of the key highlights of the Budget.

This, coupled with the allocation of Rs.1.48 lakh crore for education and employment skilling, underscores the Government?s commitment to harnessing India?s demographic dividend.

The plan to upscale 1,000 industrial training institutes is a pivotal step towards enhancing the skill sets of our future workforce. I am particularly heartened by the allocation of over Rs.3 lakh crore for women-led development initiatives including provisions for accommodation through working women?s hostels which will greatly benefit women workforce, especially those who are in the manufacturing industries.

The Indian economy?s stunning revival from COVID-19 and its emergence as the world?s fastest growing major economy is partially attributed to an infrastructural revival spurred by Government?s spending in the past few years.

The CAPEX budget for the financial year 2025 has been retained at Rs.11.1 lakh crore or 3.4 per cent of GDP. A massive expansion in urban housing at an investment of Rs.10 lakh crore and rural roads programmes with Rs.26,000 crore is a big infra push.

Employment generation is a real bottom line for Indian industries. Indian companies in private sector should pick up the job creation baton from the Government and invest in new manufacturing capacities so that the country can complete its journey to Vikshit Bharat by 2047. Providing employment is not the job of the Government only. The private sector also has to join in and play their roles.

It seems that the question in most of our minds has been whether India?s new Government would work as Modi 3.0, that is, the third term of the Prime Minister, Shri Narendra Modi ji or an NDA 2.0. Earlier, there was a coalition Government led by Shri Atal Bihari Bajpayee ji and this is the second coalition Government which Modi ji is leading.

I am of the opinion that barring a few sops for allies, its policy priorities suggest no change in the Government?s approach. The approach which was there in the Interim Budget has also been magnified in the present Budget that we have a long-term goal to achieve and we have to reach 2027 as Vikshit Bharat.

This Budget is unruffled. As many Opposition Members have already spoken, this Government or the Party in power is totally ruffled because of the election result. This Government is totally unruffled and is continuing in its long-term approach. We are not ruffled by 2024 election result.

With these words, I support the Budget in full term. Thank you.

श्री रविन्द्र दत्ताराम वायकर (मुम्बई उत्तर-पश्चिम) : माननीय सभापति जी, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे शिव सेना पार्टी की तरफ से बजट की चर्चा में भाग लेने का अवसर दिया ।

मैं सबसे पहले माननीय नरेन्द्र मोदी जी का अभिनंदन करता हूं, वह तीन बार चुनकर आए हैं और प्रधान मंत्री बने हैं । मैं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी का विशेष अभिनंदन करता हूं, उन्होंने आज एक नया रिकॉर्ड बनाया है । वह पहली महिला वित्त मंत्री हैं, जिन्होंने सात बार लगातार बजट पेश किया है । मैं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री, पार्टी प्रमुख एकनाथ शिंदे जी का भी आभार व्यक्त करता हूं । मैं मुम्बई नार्थ-वैस्ट कांस्टीटुएंसी से चुनकर आया हूं, मैं वहां की जनता का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने मुझे चुनकर इस सदन में भेजा ।

माननीय सभापति जी, माननीय वित्त मंत्री जी ने गरीबों के सुख-दुख, इन्फ्रास्ट्रक्चर और सिटीज़ के डेवलमेंट का बजट पेश किया । उसी प्रकार से हमारे महायुति के माध्यम से मुम्बई में विकास हो रहा है । मैं महायुति को धन्यवाद दूंगा, जिन्होंने वधावन पोर्ट का, समृद्धि महामार्ग का और मुम्बई में अटल सेतु जैसा इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट

तैयार किया । मेरा एक सौभाग्य है कि मुम्बई शहर होने के नाते मैं वहां का चार बार काउंसलर, तीन बार एमएलए और आठवीं बार लोक सभा में आया हूं । यह मेरा भाग्य है कि मैं अपने पक्ष की तरफ से यहां आया हूं । जब हम इन सभी समस्याओं को इलेक्शन के टाइम देखते हैं, लोगों के पास जाते हैं तो उनकी समस्या केवल बेसिक चीज की होती है । वही बेसिक चीज उन्हें चाहिए । उसी मूलभूत सुविधा के माध्यम से हम काउंसलर का इलेक्शन लड़े, एमएलए का इलेक्शन लड़े और एमपी का इलेक्शन लड़े । हम उनको बेसिक एमेनिटीज देना चाहते हैं और वही लोग मांगते हैं । उसी प्रकार से इस बजट के माध्यम से सरकार विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेगी । यह बजट गरीब, किसान, युवा, महिला और समाज के हर वर्ग को लाभ पहुंचाने वाला बजट है । माननीय वित्त मंत्री जी ने विकसित भारत के लिए सरकार के 9 प्रॉयोरिटी एरियाज बताए हैं, जिसमें शहर का विकास प्रगति से हो जाएगा ।

सभापति महोदय, मैं एक शहर से प्रतिनिधित्व करता हूं । वर्ल्ड बैंक का यह अनुमान है कि वर्ष 2036 तक भारत को 840 बिलियन डॉलर का निवेश अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर में करना होगा । आज शहरी भाग देश के जीडीपी में 60 प्रतिशत का योगदान करते हैं । मुझे खुशी है कि सरकार ने इस पर ध्यान दिया है ।

सभापति महोदय, वर्ष 2024-25 में उधारियों को छोड़कर कुल प्राप्ति तथा कुल व्यय क्रमश: 32.0 लाख करोड़ रुपये और 48.21 लाख करोड़ रुपये अनुमानित है । निवल कर प्राप्ति कर 25.83 लाख करोड़ रुपये अनुमानित है । राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है । ये बताते हैं कि यह अलग है । लेकिन, ऑन द पेपर, ऑन द रिकॉर्ड यह 4.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है । वर्ष 2024-25 के दौरान दिनांकित प्रतिभूतियों के माध्यम से सकल निवल बाजार उधारी क्रमश: 14.01 लाख करोड़ रुपये और 11.60 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है । दोनों ही वर्ष 2023-24 की तुलना में कम होंगे ।

सभापति महोदय, प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना, इस बजट में शहर का डेवलपमेंट करने के लिए 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश से एक करोड़ गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों के आवास की जरूरत का समाधान किया जाएगा । इसमें अगले पांच वर्षों में 2.2 लाख करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता शामिल होगी । किफायती दरों पर ऋण सुविधा के लिए ब्याज सब्सिडी के प्रावधान की परिकल्पना की गई है ।

सभापति महोदय, आपके माध्यम से मैं यह कहना चाहता हूं कि हम वर्ष 1947 में स्वतंत्र हुए हैं, उसके बाद शहरों का डेवलपमेंट होना शुरू हो गया था । शहरों के अंदर औद्योगिकरण हुआ और उस औद्योगिकरण के माध्यम से लोग नौकरी करने के लिए और अन्य काम करने के लिए शहरों में आने लगे । काम करने के लिए शहरों में आने के बाद उन्हें रहने की प्रॉब्लम होने लगी । इसके कारण उनके यहां झोपड़पट्टियां बनने लगी और घर बनने लगे । उसी तरह से मुम्बई शहर भी महाराष्ट्र की राजधानी है और देश की औद्योगिक राजधानी भी है । वहां भी उसी प्रकार से वर्ष 1960 के बाद औद्योगिकरण हुआ । वहां औद्योगिकरण के माध्यम से जहां मिल बनी, इंडस्ट्री बनी तो खेड़े गाँव से लोग मुम्बई आने लगे । मुम्बई शहर पहले छोटा था, लेकिन उसके बाद लोग पूर्व नगर और पश्चिम नगर के माध्यम से झुग्गी-झोपड़ी बनाने लगे । उसके माध्यम से मुम्बई शहर मुम्बई पश्चिम नगर और मुम्बई पूर्व नगर बन गया । इसी तरह उनको देखते हुए शिवसेना प्रमुख माननीय बालासाहेब ठाकरे जी ने सन् 1995 में गरीब लोगों के लिए अच्छे घर बनाने की कल्पना की थी, जिसका उद्देश्य आज सफल होने जा रहा है । मुझे मालूम है, हमारे यहां एमएचएडीए है, महाराष्ट्र हाउसिंग बोर्ड है । झोपड़-पट्टियों के डेवलपमेंट के लिए एसआरडी बने, उनके लिए एसआरए बने, मगर वहां जैसा विकास होना चाहिए था, वैसा विकास नहीं हुआ । अब जब 10,00,000 करोड़ रुपये की निधि के माध्यम से शहरों का विकास होगा, तो शहरों में रहने वाले गरीब और मध्यम वर्गीय लोग अपना घर ले सकते हैं । उसी तरह से विकास होने जा रहा है, जिसके कारण झोपड़-पट्टियां कम हो जाएंगी । जो लोग झोपड़ियों में रह रहे हैं, वे अफोर्डेबल घर के माध्यम से घर ले सकेंगे । हम भाड़े में

रहने वाले लोगों के लिए भी घर बनाने वाले हैं, तब झोपड़-पट्टियां कम हो जाएंगी । सब घर कानूनी होंगे, वहां सबको सुविधाएं मिलेंगी । इसीलिए मैं माननीय वित्त मंत्री और माननीय प्रधानमंत्री जी का अभिनंदन करता हूं, क्योंकि उन्होंने लोगों को बेहतर जीवन देने का प्रयास किया है ।

उन्होंने यह भी कहा है कि राज्य सरकारों तथा बहुपक्षीय विकास बैंकों की साझेदारी में हम भरोसेमंद परियोजनाओं के माध्यम से 100 बड़े शहरों के लिए जल आपूर्ति, सीवेज उपचार, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन तथा वित्तीय रूप से व्यवहार्य परियोजनाओं को बढ़ावा देंगे । इन परियोजनाओं में उपचारित जल का प्रयोग सिंचाई तथा आस-पास के क्षेत्रों में तालाबों को भरने के लिए भी परिकल्पना की जाएगी । जब बारिश होती है, जब हमारे शहर बने थे, तब स्ट्रक्चरली कुछ तय नहीं था । जैसे लोग आते गए, भवन बनते गए, लेकिन कोई सिस्टम नहीं था । उसको स्ट्रक्चरल सिस्टम में लाना बहुत जरूरी है । हम लोग ?प्रधानमंत्री आवास योजना? के माध्यम से ऐसा कर सकते हैं ।

सभापति महोदय, अभी बारिश का मौसम चल रहा है । हम देख रहे हैं कि पूरे भारत में जल भराव का मुद्दा हर वर्ष उठता है । मैं सरकार को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने यह घोषणा की है कि राज्य सरकारों और मल्टी लैटरल डेवलेपमेंट बैंक्स के साथ मिलकर केन्द्र सरकार वॉटर सप्लाई, सीवेज ट्रीटमेंट और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट 100 बड़े शहरों में लाएगी । शहरों में बस्ती बढ़ती जा रही है, पानी की सुविधा कम हो रही है । मगर 100 शहरों के माध्यम से हम उनका विकास कर सकते हैं । जब कोई शहर बनता है, तो वहां पानी की सुविधा बहुत जरूरी है । 100 शहर डेवलेपमेंट के माध्यम से हम विकास कर सकते हैं ।

मैं कहूंगा कि हम मुंबई शहर में 7 तालाबों के माध्यम से पानी पहुंचाते हैं । मुंबई शहर को प्रतिदिन 3,850 मिलियन लीटर पानी मिलता है । मगर मुंबई की पानी की जो आवश्यकता है, वह 4,500 मिलियन लीटर पानी की है । हम 100 सिटीज़ बनाने जा रहे हैं, उसी माध्यम से मुंबई शहर के लिए हमें और धरणों की जरूरत है । उसके अंदर गारगाई, पिंजाल परियोजना हो । इन धरणों की बहुत जरूरत है । हम जो 100 सिटीज़ बनाने जा रहे हैं, वहां हम पानी की व्यवस्था करने जा रहे हैं । वहां हम लोग पाइपलाइन का निर्माण करेंगे । हम गारगाई और पिंजाल परियोजना बनाने की कोशिश करेंगे, तो बहुत अच्छा होगा । हम उसके माध्यम से मुंबई शहर के लिए 4,500 एमएलडी पानी ला सकते हैं ।

इसी तरह से हमें डीसैलिनेशन भी करना चाहिए, ताकि पानी की आपूर्ति के लिए समंदर के पानी को मीठा किया जा सके । जब हम कोई सिटी बनाते हैं, तो परिपूर्ण सिटी बनाने की जरूरत है । जब हम पानी लाते हैं, तो पीने के लिए जो पानी होता है, हम उसको दे देते हैं । मगर सेकेंडरी यूज के लिए जो पानी बचता है, हम एसटीपी के माध्यम से समंदर में छोड़ते हैं, नदी में छोड़ते हैं, नाले में छोड़ते हैं, जहां हो पाता है, वहां छोड़ते हैं । इसके लिए एसटीपी की भी जरूरत होती है, जिसका इसमें प्रबंध किया गया है । इसमें बताया गया है । हम 100 बड़े शहरों का विकास करने जा रहे हैं, तो उसके माध्यम से हम ऐसा कर सकते हैं ।

सभापति महोदय, जैसा इन्होंने कहा है कि मुंबई-महाराष्ट्र में हम लोगों ने इन्फ्रास्ट्रक्चर का प्रबंध किया है । केन्द्र सरकार द्वारा विगत वर्षों में अवसंरचना का निर्माण करने तथा इसे बेहतर बनाने के लिए किए गए पर्याप्त निवेश का अर्थव्यवस्था पर अत्यधिक सकारात्मक प्रभाव पड़ा है । हम अन्य प्राथमिकताओं और राजकोषीय समेकन की आवश्यकताओं के अनुरूप अगले पांच वर्षों में अवसंरचना के लिए सुदृढ़ राजकोषीय सहायता बनाए रखने का प्रयास करेंगे ।

महोदय, इस वर्ष वित्त मंत्री जी ने पूंजीगत व्यय के लिए 11,11,111 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है । यह हमारी जीडीपी का 3.4 प्रतिशत होगा । कोई भी शहर बनता है तो उस शहर में इन्फ्रास्ट्रक्चर चाहिए होता है । उसके लिए प्रबंध होना बहुत जरूरी है, उसमें जैसे, मेट्रो हो, रोड हो, रेल हो । इन्फ्रास्ट्रक्चर की वहां की सिटी को बहुत जरूरत होती है । मुंबई के बारे में मैं कहूंगा कि वहां पर एयरपोर्ट है, जैसा मैंने जीरो ऑवर में भी कहा था और उसके लिए मुझे एक मिनट बोलने के लिए मिला था । उस एयरपोर्ट पर एक ही रन-वे है और जो दूसरा है, वह उसको क्रॉस करके जा रहा है, यानी एक ही रन-वे चालू है । जब हम मुंबई आते हैं तो हमें आधा-आधा, एक-एक घण्टा ऐसे ही ऊपर घूमना पड़ता है । मेरी मांग है कि उसके बाजू में जो झोपड़पट्टी है, यदि हम उसका डेवलपमेंट शहरी विकास के माध्यम से करेंगे तो वहां दूसरा रन-वे बन जाएगा । हम दूसरे रन-वे के माध्यम से एयरपोर्ट की स्थिति में सुधार ला सकते हैं ।

महोदय, वहां एक फनेल भी होता है । रडार के माध्यम से फनेल के अंदर की जो सुविधा है, उस पर भी सरकार को विचार करना चाहिए । मैं अपनी बात दो मिनट में समाप्त करता हूं । वहां कोंकण रेलवे है । जब हम इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाते हैं तो रेलवे के अंदर भी डेवलप होना चाहिए । रेलवे के अंदर मुंबई के लिए दस साल से मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी करने का एक प्रयास है । उसका क्या हुआ है, अभी तक हम लोगों को मालूम नहीं है । इसके लिए भी आपके माध्यम से प्रयत्न होना चाहिए । इसी प्रकार से कोंकण रेलवे में दो ट्रैक होने चाहिए । वहां पर एक ही ट्रैक है । यदि मुंबई से कोंकण जाना है तो एक ही ट्रैक पर ट्रेन चलती है । वहां पर दो ट्रैक बनने चाहिए । मेट्रो 6 और 7 का डेवलपमेंट होना चाहिए । मैं एक ही मिनट में पर्यटन के लिए अपनी बात कहूंगा । वहां पर पर्यटन बढ़ना चाहिए और बाहर का पैसा आना चाहिए । मेरे एरिया में जोगेश्वरी गुफा और अंधेरी की गुफा है । आर्कियोलॉजिकल डिपार्टमेंट के माध्यम से टूरिज्म के लिए इनका डेवलपमेंट किया जाना चाहिए । हमारे यहां महाराष्ट्र में शिवाजी महाराज के जो किले हैं, उनका डेवलपमेंट करना चाहिए । यहां क्रूज का जिक्र किया गया है तो मैं कहना चाहता हूं कि अलीबाग, दापोली, गुहागर, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग के जो एरियाज़ हैं, वहां पर डेवलपमेंट के लिए क्रूज बनाया जाएगा । वहां टूरिज्म का एक साधन पैदा हो जाएगा । इसी के माध्यम से हमारे यहां समुद्र के किनारे अच्छे होटल बनेंगे, थ्री स्टार और फाइव स्टार होटल बनेंगे और इसी के माध्यम से हमारा टूरिज्म बढ़ता जाएगा । महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद ।

श्री लालजी वर्मा (अम्बेडकर नगर) : सभापति महोदय, आपने मुझे सामान्य बजट की चर्चा में अपनी बात रखने का अवसर दिया, मैं इसके लिए आपका आभारी हूं । माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा जो बजट प्रस्तुत किया गया, वह बजट भेदभावपूर्ण बजट है । किसानों, नौजवानों, पिछड़े वर्ग के लोगों, अनुसूचित जाति के साथ अन्याय किया गया है । किसी भी देश के विकास का रास्ता, भारत के विकास का रास्ता खेतों और खलिहानों से होकर गुजरता है । जब खेत और खलिहान समृद्धशाली होंगे तो देश की आय बढ़ेगी । लेकिन इस बजट में किसानों के बारे में, उनकी एमएसपी की गारंटी देने के बारे में कोई बात नहीं रखी गयी है ।

मान्यवर, यह बजट किसानों के हितों की अनदेखी करने वाला बजट है । माननीय वित्त मंत्री जी ने कहा कि हमने एमएसपी अधिक बढ़ाकर देने का काम किया है । हमारा जो कॉस्ट ऑफ प्रोडेक्शन है, सरकार के विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों के फार्मों में उस कॉस्ट ऑफ प्रोडेक्शन के समतुल्य जो समर्थन मूल्य है, वह नहीं है । महंगाई के कारण किसान की लागत बढ़ गयी है । खाद का दाम बढ़ गया, कीटनाशक दवाओं का दाम बढ़ गया, बीज का दाम बढ़ गया, डीजल का दाम बढ़ गया, बिजली का दाम बढ़ गया, लेकिन उसके समतुल्य एमएसपी का दाम नहीं बढ़ा है । इससे किसान की आमदनी घटी है । दूसरी तरफ किसान जो कृषि यंत्र खरीदता है, माननीय मंत्री जी ने अपने भाषण में दूसरे सेक्टर्स को रियायत देने का काम किया है, लेकिन कृषि यंत्रों के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया है, जिन पर 28 परसेंट जीएसटी है ।

मान्यवर, बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी ने संविधान सभा में इस बात को कहा था कि भारत में सामाजिक और आर्थिक गैर बराबरी है । जब तक हम इसको दूर नहीं करेंगे, भारत को समृद्धशाली नहीं बना सकते हैं । उस सामाजिक और आर्थिक गैर बराबरी को बढ़ाने वाला यह बजट है । जाति जनगणना का कोई उल्लेख नहीं है । इस बजट में पिछड़े वर्गों की बैकलॉग भर्ती का कोई उल्लेख नहीं है । अनुसूचित जाति के आरक्षण को पूरा करने का कोई उल्लेख नहीं है । इसके साथ-साथ किसान को समर्थन मूल्य देने की गारंटी का उल्लेख नहीं है । मैंने बजट के विभिन्न हिस्सों को देखने का काम किया है । पिछले वर्ष के मुकाबले उर्वरक पर कम पैसा रखने का काम किया गया है । कृषि के बजट को भी जिस तरह से बढ़ाने का काम होना चाहिए, उस ढंग से नहीं बढ़ाया गया है । केवीके की तरफ भी ध्यान नहीं दिया गया है । मनरेगा के द्वारा लोगों को रोजगार मिलता है, उसकी मजदूरी 231 रुपये प्रतिदिन है । 231 रुपये में आजकल कोई मजदूर नहीं मिलता है । उसको बढ़ाने का भी इस बजट में कोई प्रोविज़न नहीं किया गया है । अनुसूचित जाति के पढ़ने वाले बच्चों को छात्रवृत्ति और फीस की प्रतिपूर्ति देने की व्यवस्था होती थी । इस बजट में केन्द्र सरकार ने उसको घटाने का काम किया है । उसको बढ़ाने का प्रोविजन इस बजट में नहीं किया गया है । शहरी विकास की बात की गयी है, लेकिन ग्रामीण विकास की दिशा में इस बजट में कोई प्रोविजन करने का काम नहीं किया गया है । मेरा यह मानना है कि जब तक हम किसान को, चौधरी चरण सिंह जी भारत के प्रधान मंत्री रह चुके हैं, उन्होंने एक किताब लिखी है- ?भारत की आर्थिक भयावह स्थिति- कारण और निदान ? हमारे वित्त मंत्री जी को उस किताब को जरूर पढ़ना चाहिए था । अगर हम उस किताब को पढ़ते तो निश्चित रूप से इस देश में छोटे-छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने का काम करते । बुनकर उद्योग पूरे देश में बड़े पैमाने पर फैला हुआ है । यह तमाम लोगों को रोजगार देता है । लेकिन बुनकर उद्योग को बढ़ावा देने की व्यवस्था नहीं की गयी है ।

माननीय सभापति **:** कृपया आप अपना भाषण समाप्त कीजिए ।

श्री लालजी वर्मा **:** मान्यवर, मैं सिर्फ दो मिनट लूंगा । मैं आपके माध्यम से यह निवेदन करना चाहता हूँ कि हमें उन बुनकरों को बिजली सस्ती दर पर देने के लिए, उनके उत्पादन की खरीद करने के लिए तथा उनको सस्ते रेट्स पर धागा उपलब्ध करवाने की व्यवस्था करनी चाहिए । साथ ही साथ उत्तर प्रदेश के साथ भेदभाव किया गया है । उत्तर प्रदेश कभी बाढ़ से तो कभी सूखे से प्रभावित हुआ है । वहां पर तमाम जगहों पर बाढ़ आई है । नेपाल पानी को नदियों में छोड़ता है, उसका बहुत बड़े हिस्से पर असर पड़ता है । दूसरी तरफ सूखा भी है । हमारे जिले में आज कम वर्षा के कारण किसान की धान की फसल खत्म हो रही है । उसके विकास के लिए तथा उसको कैसे ठीक किया जाए, उसकी कोई व्यवस्था नहीं की गई है ।

मान्यवर, अयोध्या के बारे में बार-बार चर्चा होती है । बनारस से माननीय प्रधान मंत्री जी चुनकर आते हैं । अयोध्या से बनारस जाने में सात घंटों से ज्यादा का समय लगता है । उसके लिए एक्सप्रेस-वे बनाने के लिए भी इस बजट में कोई प्रावधान करने का काम नहीं किया गया है ।

मान्यवर, सांसदों की जो क्षेत्र विकास निधि है, वह बहुत कम है । वह पांच करोड़ रुपये है । एक किलोमीटर में एक करोड़ रुपये लगते हैं । पांच करोड़ रुपये में पांच किलोमीटर सड़क बनेगी । हमारे यहां पर पांच विधान सभा क्षेत्र हैं और वे 20 लाख की आबादी को कवर करते हैं । उस राशि को भी इस बजट में बढ़ाने का माननीय वित्त मंत्री महोदया ने उल्लेख नहीं किया है । मैं आपके माध्यम से मांग करता हूँ कि क्षेत्र विकास निधि कम से कम 20 करोड़ रुपये होनी चाहिए ।

मान्यवर आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, उसके लिए मैं आपका हृदय से आभार व्यक्त करते हुए अपनी वाणी को विराम देता हूँ ।

सुश्री प्रणिती सुशीलकुमार शिंदे (शोलापुर) : सभापति महोदय, आपने मुझे बजट पर बात करने के लिए मौका दिया, उसके लिए मैं आपका तहेदिल से शुक्रिया करती हूँ ।

हम भारत के लोग, जो हमारे संविधान की प्रस्तावना है । इन चार शब्दों में भारत की ताकत और महानता छिपी है । न कोई जाति, न धर्म, न भाषा, न पहनावा, सिर्फ हम भारत के लोग । इसी में ही हमारी पहचान है और इसी में ही हमारी गरिमा बसी हुई है, लेकिन पिछले कुछ सालों में इस पहचान को, इस ताकत को धर्म की राजनीति से कमजोर बनाया गया है ।

आज वर्ष 2024 के बजट पर बात करने के लिए आपने मुझे मौका दिया है । मैं आपको थोड़ा इतिहास में ले जाना चाहती हूँ । हम सब जानते हैं और पूरा विश्व यह मानता है कि कुछ शतकों पहले भारत सोने की चिड़िया थी । उस समय जी.डी.पी. और इस प्रकार की चीजें नहीं थीं, लेकिन भारत इकोनॉमिकली और कल्चरली विश्व की एक महाशक्ति थी और हम यह भी जानते हैं कि भारत में शूरवीरों की कोई कमी नहीं थी, बावजूद इसके मुट्ठीभर हमलावरों ने हमें कई बार लूटा और न सिर्फ लूटा, बल्कि हमें सैकड़ों साल गुलाम भी बनाए रखा । ऐसा क्यों हुआ? पहले मुगलों ने और फिर अंग्रेजों ने भारत पर राज किया । ऐसा वे कर पाए, क्योंकि सोने, चांदी, हीरे, जवाहरात और पैसे की कोई कमी नहीं थी, लेकिन कमी सिर्फ एक बात की थी और वह थी ? सामाजिक एकता की ।

धन, दौलत, ताकत कुछ मुट्ठीभर राजाओं और समाज के ठेकेदारों के पास थी । 90 प्रतिशत समाज प्रताड़ित था और मैं यह कहूंगी कि जानबूझकर इन्हीं समाज के ठेकेदारों के द्वारा देश गरीब रखा गया था । आज हमारा देश दुनिया की पांचवीं लार्जेस्ट इकोनॉमी है और मुझे यह उम्मीद ही नहीं, बल्कि पूरा विश्वास है कि हम जल्दी ही दुनिया की पहले नम्बर की इकोनॉमी बनेंगे, क्योंकि इसकी प्रगति की मजबूत नींव स्वतंत्रता के बाद की सरकार ने रखी थी । इसी के साथ हम आज सामाजिक तौर पर जात-पांत-धर्म की शाखाओं में बिखरते जा रहे हैं, कमजोर होते जा रहे हैं । फाइनेंशियल इनइक्वेलिटीज़ बढ़ती जा रही है । पैसा और सत्ता कुछ चंद ठेकेदारों के पास संचित हो रहा है या मैं यह कहूंगी कि सत्ता की लालसा में ऐसा जानबूझकर करवाया जा रहा है ।

मेरी ये सब बातें कहने का तात्पर्य यही है कि समाज की प्रगति सिर्फ मजबूत इकोनॉमी से ही नहीं, बल्कि समाज की एकता में है । हमें इतिहास में हुई गलतियों को दोहराने से बचना चाहिए । बीजेपी पिछले एक दशक से सत्ता में है, लेकिन इनके मुताबिक आज भी हिंदू खतरे में है । क्या यह हकीकत है या फिर बीजेपी हिंदुओं को इस डर में रखकर अपनी राजनीति चमका रही है? आप बताएं, जो संस्कृति हजारों साल गुलामी की जंजीरों में जकड़ी पड़ी रहने के बावजूद जिंदा है और जिंदा ही नहीं सारे विश्व में अपना डंका बजा रही है, वह खतरे में कैसे आ सकती है? लेकिन फिर सोचने पर मुझे महसूस होता है कि बीजेपी और उनकी नीतियों की वजह से हिंदू खतरे में है । हमारी हिन्दू संस्कृति एक नदी के बहाव की तरह बहती चली आ रही है । वह सामने आने वाले हर कट्टरता के पहाड़ों को काटते हुए, हर पत्थर में सेंध लगाते हुए बह रही है । उसके बहाव को न कोई तलवार काट सकती है और न ही कोई पहाड़ रोक सकता है । पर, दुर्भाग्यवश उसी नदी के बहाव को रोक कर कट्टरता में ढालने की कोशिश की जा रही है । मैं समझती हूं कि यही भारतीय संस्कृति के पतन का कारण बन सकता है ।

सभापति महोदय, डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर द्वारा बनाए गए संविधान की बदौलत पिछड़े और दलित वर्ग को आरक्षण के जरिए समाज में स्थान और सम्मान मिला और आज वह आरक्षण भी इनकी नजरों में खटक रहा है । इसीलिए सभी सरकारी कंपनीज का प्राइवेटाइजेशन करके इनडायरैक्टली आरक्षण खत्म करने का षडयंत्र बीजेपी कर रही है ।

सभापति महोदय, इनके मुताबिक बीते वर्ष 2014 के पहले कोई भी अच्छा काम देश में नहीं हुआ । कुछ महानुभावों के मुताबिक देश आजाद ही वर्ष 2014 में हुआ । खैर, आप कितनी भी कोशिश कीजिए, लेकिन इस सच्चाई को नहीं झुठला सकते हैं कि आज भारत चांद पर पहुंचा, उसकी नींव इसरो के रूप में पंडित नेहरू जी ने रखी थी । वर्ष 2014 से बीजेपी अपने झूठे प्रोपगैंडा से कांग्रेस की लेगेसी को मिटाने की पुरजोर कोशिश कर रही है । पर, इनकी लाखों नॉन-बायलॉजिकल कोशिशों के बावजूद दुनिया इस देश को नेहरू-गांधी का देश ही मानेगी । जब ये दुनिया के किसी भी कोने में जाते हैं, तो इनको गांधी जी की प्रतिमा के सामने ही नतमस्तक होना पड़ता है । ऐसी सरकार और ऐसे वित्त मंत्री से हम क्या उम्मीद करें, जो प्याज के बढ़ते दाम के सवाल पर कहती हैं कि दाम बढ़ते हैं, तो बढ़ने दो, हम प्याज नहीं खाते । स्कूल्स-कॉलेजेज के फीस बढ़ते हैं, तो बढ़ने दो, हम शिक्षा नहीं, भक्त बढ़ाते हैं । फिर भी जनता की प्रतिनिधि होने के नाते मेरा दायित्व है कि मैं लोगों के प्रश्न इस सदन के समक्ष पेश करूं ।

सभापति महोदय, मैं पंतप्रधान किसान सम्मान निधि योजना के बारे में कहना चाहती हूं । किसानों को पंतप्रधान किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से सालाना छ: हजार रुपए दिए जाते हैं । उनको दो-दो हजार रुपए तीन इंस्टॉलमेंट में दिए जाते हैं, लेकिन इनको फर्टिलाइजर खरीदने पर 18 प्रतिशत जीएसटी देना पड़ता है । एक किसान एक साल में कम से कम एक लाख रुपए का फर्टिलाइजर खरीदता है, तो आप उन्हें छ: हजार रुपए देते हैं लेकिन उनसे 18 हजार रुपए लेते हैं । यह किस तरह की नाइंसाफी उनके साथ हुई? आप उन किसानों का मजाक उड़ा रहे हैं । आप उन्हें छ: हजार रुपए देते हैं, लेकिन उनसे जीएसटी के माध्यम से 18 हजार रुपए लेते हैं । जब यूपीए की सरकार थी, तब फर्टिलाइजर पर से टैक्स एग्जेम्प्ट किया गया था । मेरी मांग है कि उनको जो सालाना छ: हजार रुपए मिलते हैं, उसे बढ़ा कर 12 हजार रुपए किया जाना चाहिए ।

सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र में करीब 50 हजार लोग पंतप्रधान किसान सम्मान निधि योजना से वंचित हैं, क्योंकि इसको अप्रुवल नहीं मिल रहे हैं । जब वे मंत्रालय में जाकर पूछते हैं, कि हमारी योजना के अप्रुवल का क्या हुआ, वे कहते हैं कि दिल्ली जाकर पूछो, हमें नहीं पता है । पंतप्रधान किसान सम्मान निधि योजना का इंटेंशन क्या है? क्या इस योजना के माध्यम से किसानों को फंसाया जा रहा है?

सभापति महोदय, मैं फसल बीमा योजना के बारे में कहना चाहती हूं । पश्चिम महाराष्ट्र के सोलापुर, सांगली, सतारा और कोल्हापुर में उड़द और अरहर की दाल उगाई जाती है, लेकिन फसल बीमा योजना सिर्फ बाजरा, मक्का और सोयाबीन के लिए मिलती है ।

आपके माध्यम से मैं फाइनैंस मिनिस्ट्री से गुजारिश करती हूं कि अरहर और उड़द फसल के लिए भी फसल बीमा योजना के फार्म्स भर दिए गए हैं, लेकिन उनको फसल बीमा योजना का लाभ नहीं मिल रहा है ।

सभापति महोदय, मैं पंतप्रधान आवास योजना के बारे में कहना चाहती हूं । आदरणीय फाइनैंस मिनिस्टर जी ने कहा है कि वे इस बजट में घरों की संख्या बढ़ा कर तीन करोड़ घर दे रहे हैं, लेकिन अभी तक महाराष्ट्र को पंतप्रधान आवास योजना का टारगेट नहीं मिला है, क्योंकि इस योजना के तहत गौठान जमीन पर घर बनाए जाते हैं, लेकिन असलियत यह है कि गांव में गौठान जमीन नहीं है । जब लोग कलेक्टर के पास जाते हैं, तो कहा जाता है कि गौठान जमीन नहीं है, आप गायरान जमीन ढूंढ कर लाइए, तो हम आपको पीएम आवास योजना की सुविधा देंगे । अब वे गायरान जमीन कहां से लाएंगे?

मैं आपके माध्यम से फाइनैंस मिनिस्टर से रिक्वेस्ट करती हूं कि सारे डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर्स को आदेश दें कि गांवों में जितनी भी गायरान जमीनें हैं, उनको गौठान जमीन में बदल कर पंतप्रधान आवास योजना लोगों के लिए लागू की जाए । सारे जो पेंडिंग प्रपोजल्स हैं, उनको एक्सेप्ट किया जाए । मेरी आपसे यह गुजारिश है कि इस योजना के लिए 1 लाख 40 हजार रुपये मिलते हैं । यह बहुत कम पूंजी है । पंतप्रधान आवास योजना के लिए 2 लाख 50 हजार रुपये दिए जाए ।

महोदय, वर्ष 2014 में प्राइम मिनिस्टर ने बड़ी एंबिशियस्ली मुद्रा लोन की घोषणा की थी । कल फाइनेंस मिनिस्टर ने इसकी राशि 10 लाख रुपये से 20 लाख रुपये की है । लेकिन मुद्रा लोन उस पीरियड में उन्हीं लोगों को मिले, जिनकी सिफारिशें बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने की थी, जबकि जो सामान्य आदमी है, आम आदमी है, उसको यह लोन नहीं मिला था । सिर्फ कुछ चंद लोगों को यह लोन दिया गया था । मेरी यह मांग है कि कोरोना के टाइम पर जो लाभार्थी मुद्रा लोन का कर्ज नहीं दे पाए, आपने जैसे अदानी और अंबानी के लिए कर्जा माफ किया है, वैसे ही इन लाभार्थियों का कर्जा भी माफ किया जाए । उनका मुद्रा लोन का कर्ज तुरंत माफ किया जाए ।

आदरणीय सभापति महोदय, जो माइक्रो फाइनेंस और चिट फंड्स दिए जाते हैं, यह हमारे सेल्फ-हेल्प ग्रुप्स और बीड़ी कामकारों को, पावरलूम वर्कर्स को दिए जाते हैं, हमारी काफी सारी महिलाओं को दिए जाते हैं, लेकिन इस माइक्रो फाइनेंस और चिट फंड के ऊपर रेगुलेटरी अथॉरिटी नहीं होती है । इसलिए ये बेहिसाब इंट्रेस्ट इन लोगों से, गरीब लोगों से लेते हैं । मुझे इस बात का दु:ख हो रहा है कि कल की बजट स्पीच में, हमारी जो अन्नधान्य सुरक्षा योजना है, अन्न सुरक्षा योजना जो यूपीए सरकार लाई थी, उसके बारे में फाइनेंस मिनिस्टर ने कोई जिक्र नहीं किया । पिछले दस साल से हमारे देश का जो गरीब है, एपीएल कार्डधारक को अन्नधान्य योजना का लाभ नहीं मिल रहा है । दस साल से करोड़ों लोग इस योजना से वंचित रह रहे हैं, भूखे मर रहे हैं । सैलजा जी ने जैसे कहा था कि कुपोषण का जो प्रमाण है, हमारे देश में बढ़ रहा है । गरीब लोगों से जान-बूझकर एक फॉर्म ? गिव-अप सब्सिडी फॉर्म ? उनको बिना बताये जान-बूझकर भरवाया जा रहा है । अगर आप यह फॉर्म भरेंगे तो आपकी फूड सब्सिडी कट हो जाएगी । उनसे जबर्दस्ती यह फॉर्म भरवा रहे हैं, ताकि उनको इस योजना का, जो कि कांग्रेस की योजना थी, लाभ न मिले । इसकी वजह से हमारे देश में ढेर सारे लोग भूखे मर रहे हैं । मैं फाइनेंस मिनिस्टर से यह गुजारिश करती हूं कि एपीएल कार्डधारक को तुरंत इस योजना का लाभ मिले और सारे के सारे जितने भी लोग हैं, उनको धान मिले ।

महोदय, कल की स्पीच में आंध्र प्रदेश और बिहार के ऊपर बहुत प्यार जताया गया । मुझे उस बात से कोई कंप्लेंट नहीं है, लेकिन महाराष्ट्र से इतनी नफरत क्यों है? महाराष्ट्र की तरफ उतना प्यार क्यों नहीं जताया गया, जितना बिहार और आंध्र प्रदेश की तरफ जताया गया । क्योंकि उनको पिछली लोक सभा से कम सीटें मिलीं या शायद उनको अंदाजा लगा कि आने वाले इलैक्शन में वह चुनाव हारने वाले हैं । मैं वित्त मंत्री जी को बताना चाहती हूं कि महाराष्ट्र में हिन्दवी स्वराज की नींव रखी गई थी? कणखर देशा, राकट देशा, दगडांच्या देशा, महाराष्ट्र देशा ? यह हमारे महाराष्ट्र के बारे में कहा जाता है । लेकिन अफसोस है कि महाराष्ट्र की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है । सिर्फ महाराष्ट्र का इस्तेमाल किया जाता है ।

महोदय, अगर मैं रेलवे के बारे में बोलूं तो रेलवे में स्लीपर कोच की संख्या कम कर रहे हैं । फर्स्ट क्लास और सैकेंड क्लास की संख्या बढ़ा रहे हैं । देश का जो गरीब आदमी है, वह स्लीपर कोच से ट्रेवल करता है । वह फर्स्ट क्लास और सैकेंड क्लास सफर नहीं करता है । मैं आपके माध्यम से गुजारिश करती हूं कि स्लीपर कोचेज की संख्या बढ़ाई जाए ।

मैं शोलापुर के लिए कुछ मांगे रखती हूं और अपना भाषण समाप्त करती हूं । हमारे शोलापुर में एयरपोर्ट है, लेकिन एयर सर्विस नहीं है । उडान स्कीम के अंतर्गत यह आया है, लेकिन जान-बूझकर वहां पर जो चिमनी थी, ऑब्स्ट्रक्शन था, वह तोड़ा गया और अभी तक वहां पर एयर सर्विस शुरू नहीं हुई है । वहां बोरामणी एयरपोर्ट है । वहां इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए फंड्स एक बार दिए गए, लेकिन उसके बाद फंड्स नहीं दिए गए । मैं वित्त मंत्री जी से गुजारिश करती हूं कि बोरामणी एयरपोर्ट के लिए फंड्स दिए जाए । जो मंगलवेढा तालुका है, वहां पर इरिगेशन स्कीम है और वहां के 35 गांव पानी से वंचित है । मैं विनती करती हूँ कि आप उन गांवों के लिए भी इरिगेशन स्कीम जल्द-से-जल्द अप्रूव करें । अंत में, मैं यही कहना चाहती हूँ कि बीजेपी विपक्ष की अवहेलना कर रही है कि हमें इतनी सीटें मिलीं, जनता ने अस्वीकार किया, पर आपके 400 पार का क्या हुआ? लेकिन मैं उनसे कहना चाहूँगी कि हम स्वीकार करते हैं कि हम सरकार बनाने के लिए पर्याप्त सीटें नहीं जीत पाए । हम हमारी बातें शायद जनता को बेहतर तरीके से नहीं समझा पाए । लेकिन मैं यह भी कहना चाहूँगी कि हम हार गये तो क्या हुआ, हम झोला उठाकर चल नहीं देंगे । हम लोग यहीं डटे रहेंगे । हम एक मजबूत विपक्ष के रूप में, सिर्फ और सिर्फ इस देश के लिए एवं इस देश की जनता के लिए आवाज़ बुलंद करते रहेंगे ।

मैं कुछ शब्द कहकर अपनी बात समाप्त करना चाहूँगी ।

सत्ता की लालच में न फैलाओ समाज में ध्रुवीकरण का रोग,

आपकी हस्ती मिटा देंगे, हम भारत के लोग ।

जय हिन्द, जय महाराष्ट्र । धन्यवाद ।

SHRI JAGADISH SHETTAR (BELGAUM): Respected Chairman, Sir, I have been given the opportunity to address this august House. For the first time, I am elected to the Parliament from the Belgaum constituency that is in Karnataka. I am very much thankful to the hon. Speaker and our Party and our leader Shri Narendra Modi Ji for giving me a positive address and participating in the Budget Session.

Sir, I am honoured to be here today to discuss the crucial elements that drive our nation's progress. The Budget mainly focuses on four major pillars ? Garib, mahila, yuva and anndaata. This is from the cornerstone of our pursuit of our hon. Prime Minister Narendra Modi Ji?s vision of a Viksit Bharat.

Viksit Bharat is a concept, a promise to every citizen of our great nation. It embodies our commitment to economic growth that reaches every corner of the country ensuring that no one is left behind ? *Sabka Saath Sabka Vikaas*. Through strategic initiatives and inclusive policies, the Budget is building a nation where the opportunities are abundant and everyone has the means to contribute to and benefit from our collective prosperity.

I will focus mainly on the benefits of our start-ups, the women empowerment consumption, MSMEs and job creation. These are the main important pillars of the

development of our nation. Our hon. Finance Minister and the hon. Prime Minister Narendra Modi Ji have given importance to these four pillars. Accordingly, the Budget has been presented. I am very much happy. I am supporting this Budget and I congratulate our Finance Minister and our leader Shri Narendra Modi Ji for this important and a good Budget.

As far as start-ups are concerned, the abolition of angel tax is a wonderful step in ensuring the continued success of our start-ups in the nation. The investments in AIML are in the right direction. The start-ups are the livelihood of innovation and economic vitality. They bring fresh ideas, create new markets, and generate employment opportunities. The Budget recognizes this and is committed to fostering a supportive environment for the start-ups.

To promote the farmer producer organisations, cooperatives and start-ups in the vegetable supply chain, ensuring better collection, storage and marketing, additionally the Budget is providing financial support to encourage development of new crop varieties and fostering agricultural start-ups. That will bring innovation into our farming communities. This is very important.

We have seen start-up in other fields. But now this aim to encourage start-ups in the agriculture is very important. It will be helpful to the farmers and it will facilitate women empowerment. It is giving so much importance to facilities and projects concerning women. It will facilitate women empowerment. That is also a very good step taken by our hon. Prime Minister.

Regarding local economy, boosting domestic consumption is another key focus area. To stimulate local economy, the Budget envisages developing 100 weekly *haats* or street food hubs in select cities. That is also very important and it will create more employment opportunities.

Another important sector is Micro, Small and Medium Enterprises (MSMEs). This will create more employment opportunities at the national level. Wherever MSMEs are there, it will create more employment opportunities for youth. That is a very important sector. Loan and other facilities will be given to the MSMEs for their development. The aim of our leader Narendra Modi ji to create more job opportunities is very important.

The Budget has launched schemes to provide internship opportunities in 500 top companies for one crore youth over the next five years equipping them with the skills and experience needed to succeed in today?s competitive job market.

Additionally, the Budget is offering an allowance of Rs.5,000 per month and one-time assistance of Rs.6,000 through CSR fund providing crucial support to our young workers. The Budget?s skilling initiative is aimed at equipping 20 lakh youths with new skills over the next five years. The Budget is also upgrading 1000 industrial training institutes in hub and spoke arrangements ensuring that our work force is ready for the jobs of tomorrow. These are very good steps for development, for creation of employment opportunities, women empowerment and skilled youth labour. Whatever steps have been taken by Narendra Modi ji are very important.

The Opposition parties are criticising it but I think, they have forgotten what Modi ji has done for the country in the last 10 years. I will give one example. Take for example, the UDAN scheme. In Karnataka only Bengaluru and Mangaluru airports are developed. But Hubli and Belgaum airports were there only as showpieces. After launching of the UDAN scheme, there is much connectivity from Belgaum to so many important cities. There is connectivity even to Delhi. There is connectivity from Hubli to Delhi and from Belgaum to Hubli. There is connectivity to so many cities. There is connectivity even to Gulbarga. Even in Kalyana-Karnataka, Gulbarga Airport has been developed. Shimoga Airport has been developed. So, air connectivity started because of UDAN scheme. UDAN scheme is for a limited period.

I would request the hon. Prime Minister and the concerned Minister that if the period is further extended, then more commercial activities will happen in the cities and they will be further developed.

